

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 262 | ग्वालियर, शनिवार 24 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

## मां का आठवां दिन

### आज दुर्गाष्टमी को करें महागौरी की पूजा, ये है मंत्र और महत्व



शारदीय नवरात्रि का आज रविवार को आठवां दिन है। इसे दुर्गाष्टमी या महाष्टमी भी कहते हैं। इस दिन महागौरी की आराधना की जाती है। शारदीय नवरात्रि का आज रविवार को आठवां दिन है। इसे दुर्गाष्टमी या महाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की विधिपूर्वक आराधना की जाती है। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। कई जगहों पर दुर्गाष्टमी के दिन कन्या पूजन भी किया जाता है। महागौरी को रातरानी का फूल प्रिय है। पूजा में उनको रातरानी का पुष्प अर्पित करें। पूजा के दौरान दुर्गा चालीसा और दुर्गा आरती करें, इसके पश्चात मां महागौरी के समक्ष अपनी मनोकामनाएं प्रकट कर दें। पूजा से प्रसन्न होकर माता महागौरी आपकी मनोकामनाओं की पूर्ति करेंगी।

**कैसे देवी का नाम पड़ा महागौरी**-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता शैलपुत्री 16 वर्ष की अवस्था में अत्यंत्र सुंदर और गौर वर्ण की थीं। अत्यंत गौर वर्ण के कारण ही माता का नाम महागौरी पड़ा। वहीं एक कथा के अनुसार, एक बार माता पार्वती भगवान शिव से नाराज होकर कैलाश से कहीं दूर चली गईं और कठोर तपस्या करने लगीं। काफी वर्षों तक वह वापस नहीं आईं, तो भगवान शिव उनकी खोज में निकले। जब वह माता पार्वती से मिले तो वे उनका स्वरूप देखकर दंग रह गए।

### बिहार चुनावः आरजेडी के सरकारी नौकरी के दावे पर बोले

# पीएम मोदी, सिर्फ रिश्वत कमाने का जरिया

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। शुक्रवार को उन्होंने सासाराम, गया और भागलपुर में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनके साथ रहे। भागलपुर की आज की आखिरी रैली में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने तेजस्वी यादव के 10 लाख सरकारी नौकरियों को वादे पर भी निशाना साधा। बगैर नाम लिए ही पीएम मोदी ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ रिश्वत कमाने का जरिया भर है। पीएम मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी नौकरियों को रिश्वत का जरिया बना लिया था, वे फिर से युवाओं पर नजर गड़ाए बैठे हैं। उन्हें नौकरी से मतलब नहीं बल्कि रिश्वत का साधन चाहिए। बिहार की जनता उनके इस चाल को समझ चुकी है और उन्हें इसमें सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जब मौका मिले तो उन्होंने राज्य की जनता



का कल्याण करने की बजाय सिर्फ अपनी तिजोरियों को भरा और अब नौकरी की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लालू-राबड़ी के 15 साल के कार्यकाल पर कहा कि बिहार की तब क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है। गुंडों और अपराधियों का राज था। एनडीए की सरकार आने के बाद ऐसे लोगों को जेल भेजा गया। बिहार की जनता फिर उस दौर में नहीं जाना चाहती है। महागठबंधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज तो स्थिति यह हो गई है कि देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाते हुए लोग हिचकिचा नहीं रहे हैं। कृषि कानूनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग एमएसपी और मंडी को लेकर किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने पूछा कि राजद की सरकार 15 साल तक रही, तब उन्हें किसानों के एमएसपी की याद नहीं आई। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने एमएसपी को बढ़ाकर डेढ़ गुना कर दिया है। बिहार में एपीएमसी एक्ट को पहले ही खत्म कर दिया गया है। अब यहां के किसानों के लिए इंफ्रस्ट्रक्चर पर काम चल रहा है। अपनी बात को खत्म करते हुए पीएम मोदी ने जनता से एक अपील भी की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन आ गया है। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि लोकल सामान ही खरीदें। इससे हमारे अपने व्यापारियों को काफी ताकत मिलेगी।

### बिहार चुनाव में अब क्यों खुश नजर आ रही है कांग्रेस?

सुहेल हामिद। बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं की नाराजगी झेल चुकी कांग्रेस के चेहरे पर अब खुशी साफ झलक रही है। चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवारों की सभाओं में जुटती भीड़ से कांग्रेस को एक बार फिर सत्ता में वापसी की उम्मीद जगी है। पर खुशी के साथ कांग्रेस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि, कोरोना के इस दौर में सभाओं में जुटे मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाना आसान नहीं है। कांग्रेस बिहार में लंबे वक्त से सत्ता से बाहर है। प्रदेश कांग्रेस संगठन भी बहुत मजबूत नहीं है। ऐसे में पार्टी के लिए जनसभाओं में जुट रही भीड़ को वोट में तब्दील करना आसान नहीं होगा।

## नेवी ने दिखाई ताकत, एंटी शिप मिसाइल से पुराने जहाज को यूं किया ध्वस्त



**नई दिल्ली।** भारत के रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में नौसेना ने युद्ध के लिए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करते हुए एक पोत-रोधी मिसाइल से एक जहाज को नष्ट कर दिया। अरब सागर में किए गए इस अभ्यास में मिसाइल का निशाना बेहद सटीक था। भारतीय नौसेना ने इसका एक वीडियो शुक्रवार को जारी किया। विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और कई युद्धपोतों, लड़ाकू हेलीकॉप्टरों, विमानों और नौसेना के अन्य उपकरणों को शामिल करने वाले एक व्यापक नौसेना अभ्यास के दौरान इस मिसाइल को फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल से दागा गया। भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर (एक पुराने जहाज पर) अपनी अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल द्वारा दागी गई पोत विरोधी मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया।

### कोरोना का कम होता असर, एक्टिव केस दो महीने बाद 7 लाख से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले दो माह के अंतराल के बाद शुक्रवार को सात लाख से नीचे आ गए। कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों ने 22 अगस्त को सात लाख की संख्या पार कर ली थी। इसके बाद सक्रिय मामलों ने तेजी से रफ्तार पकड़ी और 17 सितंबर को 10.17 लाख को छूने के बाद उतार का रुख किया। अक्टूबर में नये मरीजों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होने से सक्रिय मामलों में कमी आनी शुरू हुई।

## बारिश से प्रभावित हिस्सों के लिए महाराष्ट्र सरकार का 10 हजार करोड़ का ऐलान

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली सरकार ने महाराष्ट्र में बारिश प्रभावित इलाकों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के पैकेज का शुक्रवार को ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह राशि दिवाली से पहले दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से गुरुवार को यह ऐलान ऐसे वक्त पर किया गया जब इससे कुछ दिनों पहले ही उद्धव ठाकरे ने बारिश प्रभावित इलाकों में जानमाल की क्षति का जायजा लिया था। उद्धव ठाकरे ने ट्वीट करते हुए कहा, प्रति हेक्टेयर 6800 रुपये की मदद की बजाय हमने इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर कर दिया है। मैं केन्द्र से भी इसी तरह का अनुरोध करूंगा। अब तक हमने 38 सौ करोड़ रुपये आपदा प्रभावित लोगों के लिए दिया है। पश्चिमी और मध्य महाराष्ट्र के करीब करीब 10 जिलों में भारी बारिश के चलते करीब 7 लाख हेक्टेयर में तैयार हो चुके फसलों को नुकसान हुआ है। इस मॉनसून में संतोषजनक बारिश के बाद किसान अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन, पिछले हफ्ते



सोलापुर, सांगली, कोल्हापुर, सतारा, उस्मानाबाद, लातूर, बीड और औरंगाबाद में भारी बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरकर कर रख दिया। पश्चिम महाराष्ट्र के सोलापुर और मध्य महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित जिलों के कलेक्टर और विभागीय कमिश्नरों को यह निर्देश दिया गया है कि वे मौक का आकलन करें और जल्द से जल्द मुआवजा जारी करें। पश्चिम महाराष्ट्र के पांच जिलों में पिछले हफ्ते हुई भारी बारिश में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई थी।

## न्यूज ट्रैक

### पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव को पड़ा दिल का दौरा एंजियोप्लास्टी के बाद डॉक्टरों ने दी राहत भरी खबर



**नई दिल्ली।** भारत को पहला क्रिकेट वर्ल्ड कप जिताने वाले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिल देव को शुक्रवार को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, हृदय संबंधी समस्याओं के चलते उन्हें आज ओखला के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में फोर्टिस अस्पताल ने भी बयान जारी कर बताया कि हृदय संबंधी परेशानी के चलते कपिल देव को यहां लाया गया था, जहां बाद में उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। फोर्टिस अस्पताल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे कपिल देव (62 साल) को सीने में दर्द की शिकायत के बाद 23 अक्टूबर की रात एक बजे ओखला रोड स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हर्ट्स इंस्टीट्यूट के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया। उनकी जांच की गई और फिर कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. अतुल माथुर ने आधी रात के वक्त ही कपिल देव की एंजियोप्लास्टी की। अस्पताल ने कहा, कपिल देव इस वक्त आईसीयू में भर्ती हैं और डॉ. अतुल माथुर और उनकी टीम की गहन निगरानी में हैं। उनकी हालत अब स्थिर है और हो सकता है कि अगले कुछ दिनों में उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाए। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने अपने करियर में 131 टेस्ट मैचों में 5248 रन बनाए और 434 विकेट लिए। वनडे में कपिल ने 253 विकेट लिए और 3783 रन बनाए। 90 के दशक में कपिल देव ने टीम इंडिया के लिए बतौर कोच की भूमिका भी निभाई। वर्तमान में वे क्रिकेट कमेंटेटर हैं।

### जय माता दी, बालाजी महाराज की जय...कोड वर्ड के जरिए चल रही थी करोड़ों की सट्टेबाजी

**जयपुर।** जय माता दी, जय गोबिंद देव जी, बालाजी महाराज की जय, आदि नाम आशीर्वाद लेने के लिए आम अभिवादन या मंत्र की तरह लग सकते हैं, लेकिन राजस्थान के कुछ सटोरियों ने व्हाट्सएप समूहों और कोड को संदर्भित करने के लिए ऐसे नामों का बेहद चतुराई से इस्तेमाल किया। जयपुर में धार्मिक नाम पर सट्टेबाजी के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। बुधवार और गुरुवार की रात को जयपुर पुलिस की एक विशेष टीम द्वारा छापेमारी में इसका भंडाफोड़ किया गया। सट्टेबाजी में अब तक की सबसे बड़ी रकम 4 करोड़ 18 लाख की नगदी जब्त की गई है। जयपुर शहर के पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने कहा, जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम (सीएसटी) सट्टेबाजी में शामिल संगठित गिरोह पर नजर बनाए हुई थी। पिछले दो हफ्तों में सीएसटी और स्थानीय पुलिस द्वारा दो छापे मारे गए, जिसमें करोड़ों रुपये का लेनदेन विवरण प्राप्त किया गया। पिछले दो ऑपरेशनों में प्राप्त और जानकारियों के बाद सीएसटी टीम के सदस्यों को पता चला कि सट्टेबाज एक अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी रैकेट का हिस्सा हैं। दरअसल, आजकल आईपीएल के शुरू होने के बाद खेलों का सिलसिला शुरू हो गया है। सीएसटी और स्थानीय पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में एक आवासीय परिसर में छापा मारा और गुजरात के राजकोट जिले के मूल निवासी रणधीर सिंह (45) और अजमेर के कृपाल सिंह जोधा उर्फ अंकित जोधा (41) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 4 करोड़ 18 लाख से अधिक नगदी, पैसे गिनने की दो मशीन, 9 मोबाइल फोन और एक कैलकुलेटर बरामद किया गया। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजय पाल लांबा ने कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि लेन-देन के रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए इन सटोरियों द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप समूहों और सोशल मीडिया समूहों को धार्मिक नाम दिए गए थे। किसी भी संदेह से बचने के लिए इन नामों का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। ये आरोपी बहुत ही गुपचुप तरीके से अपने समूह का संचालन कर रहे थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि सट्टेबाजी का मास्टरमाइंड राकेश राजकोट दुबई में बैठकर पूरे देश में सट्टेबाजी का रैकेट चला रहा है। इसने अपना एक ग्रुप बना रखा है, जिसमें आईडी पासवर्ड के जरिए सट्टा लगता है।

## किशोर बियानी के फ्यूचर ग्रुप को बचाने के लिए तैयार अमेजन

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और फ्यूचर ग्रुप की डील में एक नया मोड़ आ गया है। अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप से कहा है कि अगर वह रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के साथ डील खत्म करती है तो अमेजन उसे मजबूत वित्तीय साझेदार या निवेशक से निवेश दिलाने में मदद करेगी। इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने इसकी जानकारी दी।

फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लिमिटेड में अमेजन की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। अमेजन ने इससे पहले कर्ज से परेशान फ्यूचर ग्रुप के संस्थापक किशोर बियानी को वित्तीय साझेदार और निवेशक ढूंढने में मदद की थी। फ्यूचर ग्रुप के खिलाफ कानूनी केस फाइल करने के बाद भी अमेजन फ्यूचर ग्रुप के लिए नया निवेशक लाने के लिए तैयार है। अभी हाल में ही अमेरिकन ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर ग्रुप के प्रमोटरों को कानूनी नोटिस भेजा था। अमेजन का कहना



था कि फ्यूचर ग्रुप ने रिलायंस के साथ डील में एक नॉन-कंप्लीट कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन किया है। कंपनी का कहना है कि फ्यूचर ग्रुप बिना अमेजन की इजाजत के रिलायंस के साथ अनुबंध नहीं कर सकती।

### रिलायंस और फ्यूचर ग्रुप की डील से परेशान अमेजन

फ्यूचर ग्रुप की की मदद के लिए अमेज़न का प्रस्ताव इसलिए भी आया है क्योंकि रिलायंस और फ्यूचर ग्रुप की डील से अमेजन के लिए भारत में प्रतियोगिता बढ़ जाएगी। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस देश के ऑफलाइन रिटेल कारोबार में अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। अमेजन ने इससे पहले समारा कैपिटल इक्विटी फंड के साथ मिलकर साल 2018 में आदित्य बिड़ला ग्रुप की सुपरमार्केट चेन मोर का अधिग्रहण किया था।

### रिलायंस और फ्यूचर ग्रुप की डील

अगस्त के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने घोषणा की थी कि उसकी सहायक कंपनी रिलायंस रीटेल वेंचर्स किशोर बियाणी के फ्यूचर ग्रुप के रीटेल और होलसेल कारोबार, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस कारोबार का अधिग्रहण कर रही है। ये सौदा करीब 24,713 करोड़ रुपये में हुआ।

### अमेजन और फ्यूचर ग्रुप की डील

बीते साल अगस्त 2019 में अमेजन ने फ्यूचर कूपंस में निवेश किया था। इस निवेश के तहत अमेजन को फ्यूचर ग्रुप में कुछ अधिकार अनुबंध के कारण मिले थे। नॉन-कंप्लीट क्लॉज इसी तहत आता है। नोटिस में कहा गया है कि फ्यूचर ग्रुप ने डील की शर्तों को पूरा नहीं किया है।

## एनसीपी में शामिल हुए एकनाथ खडसे, लंबी नाराजगी के बाद बीजेपी तो तोड़ा था 40 साल पुराना नाता

**मुंबई।** लंबी नाराजगी के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से इस्तीफा देने वाले एकनाथ खडसे शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए। एनसीपी चीफ शरद पवार की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद 2016 में तत्कालीन भाजपा सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने बाद से ही खडसे नाराज चल रहे थे। पिछले कुछ दिनों से ही खडसे के भाजपा छोड़ने और शरद पवार नीत पार्टी में शामिल होने की खबरें चर्चा में थी। पूर्व राजस्व मंत्री को भाजपा द्वारा 2016 में पुणे के पास एक भूमि सौदे में भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के आरोपों के बाद पद से इस्तीफा देने के बाद पद से हटा दिया गया था। वह तब से पार्टी से नाराज हैं। उन्हें पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनावों में टिकट से वंचित कर दिया गया था। हाल ही में उन्होंने बीजेपी से नाता तोड़ लिया था। बीजेपी से अलग होने के बाद उन्होंने कहा था कि वे 23 अक्टूबर को एनसीपी ज्वाइन करेंगे। इस्तीफे के साथ ही खडसे ने महाराष्ट्र क पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस पर हल्ला बोला। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल को इस्तीफा सौंपने के बाद खडसे ने कहा कि वह व्यक्तिगत कारण से पार्टी छोड़ रहे हैं। लेकिन, उसके बाद मीडिया में दिए बयान में खडसे ने जमकर फडणवीस को कोसा।

## प्याज की महंगाई से जल्द मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने प्याज की आसमान छूती खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयासों में तेजी ला दी है। इसके तहत केंद्र सरकार ने अब राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्रीय सुरक्षित भंडार से प्याज की खेप उठाने को कहा है। देश के कई हिस्सों में प्याज की खुदरा कीमतें 75 रुपये प्रति किलो के स्तर को भी पार कर गई हैं। कहीं-कहीं तो यह शतक भी मार चुका है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 22 अक्टूबर को मुंबई में खुदरा प्याज की कीमतें 86 रुपये किलो, चेन्नई में 83 रुपये किलो, कोलकाता में 70 रुपये किलो और दिल्ली में 55 रुपये किलो थीं। उपभोक्ता मामलों की सचिव लीना नंदन ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने कीमत वृद्धि पर अंकुश लगाने के प्रयासों को तेज कर दिया है। हमने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से खुदरा हस्तक्षेप के लिये बफर स्टॉक से प्याज लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु ने इसमें रुचि दिखाई है। ये राज्य बफर स्टॉक से कुल 8,000 टन प्याज ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय, अन्य राज्यों से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है।



### 26-28 रुपये प्रति किलोग्राम की खरीद दर पर बेचेगा केंद्र

केंद्र नासिक, महाराष्ट्र के भंडारित बफर स्टॉक से 26-28 रुपये प्रति किलोग्राम की खरीद दर पर उन राज्यों को प्याज की पेशकश कर रहा है, जो अपने आप स्टॉक को उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों को प्याज पहुंचाये जाने (डिलीवरी भेजने) की जरुरत है, उनके लिए कीमत 30 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। इसके अलावा, सचिव ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड, जो सरकार की ओर से प्याज की बफर स्टॉक के लिए खरीद और उनका रखरखाव कर रहा है, देशभर के थोक मंडियों में प्याज के स्टॉक को ला रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, नाफेड राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय भंडार और मदर डेयरी के सफल बिक्री केन्द्र के माध्यम से खुदरा बिक्री के लिए बफर स्टॉक से प्याज भी दे रहा है। सरकार ने अब तक वर्ष 2019-20 की रबी फसल से की गई खरीद से बनाए गए 1,00,000 टन के बफर स्टॉक से 30,000 टन प्याज बाजार में ला चुकी है। खरीफ प्याज के मंडियों में जल्द ही पहुंचने की संभावना है और सरकार को उम्मीद है कि 37 लाख टन की अनुमानित खरीफ फसल उत्पादन के बाजार में आने के बाद बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे कीमतें कम होंगी। इस बीच, सरकार प्याज के आयात पर भी विचार कर रही है और 15 दिसंबर तक धुम्रशोधन व फाइटोसैनेटिक (स्वच्छता संबंधी) मानदंडों में ढील दी गयी है। प्याज के आयात की खेपों को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय वाणिज्य दूतावासों को सक्रिय किया है। सरकार ने 14 सितंबर को खरीफ प्याज के बाजार में आने से पहले प्याज के कम उत्पादन वाले समय में घरेलू उपभोक्ताओं को वाजिब कीमत पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## अचार संहिता का हो रहा उलंघन, दोषी अफसरों को दिया जा रहा संरक्षण: बोहरे



**भिण्ड।** विगत पंचायत चुनाव वर्ष 2014 -15 में मतदाता सूची में गड़बड़ी कर चुनाव लड़ने से वंचित कर लोकतंत्र का हनन करने के मामले में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री आरआर गंगारेकर रिटायर्ड सीनियर आईएएस द्वारा की गई उच्चस्तरीय जांच में प्रमुख रूप से दोषी पाए गए तत्कालीन कलेक्टर मधुकर आग्नेय, इलैयाराजा टी अपर कलेक्टर टीएन सिंह तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अफसरों के विरुद्ध निर्वाचन आयोग द्वारा दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की संस्तुति किए जाने के बावजूद उनके विरुद्ध अब तक कार्यवाही न कर शासन प्रशासन द्वारा उन्हें लगातार संरक्षण दिए जाने से व्यथित होकर मामले के पीड़ित समाजवादी पार्टी नेता बी. के. बोहरे ने स्थानीय सर्किट हाउस में ठहरे निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक श्री उदयन मिश्रा आईएएस को ज्ञापन पत्र सौंपकर मामले में कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जांच में दोषी पाए गए कुछ अफसरों को नियम विरुद्ध प्रमोशन भी दिया जा चुका है एवं कुछ दोषी अफसरों को बेदाग सेवानिवृत्ति भी प्रदान की जा चुकी है। हैरानी की बात यह है कि कुछ आरोपित किये जा चुके दोषियों से वर्तमान निर्वाचन कार्य कराया जाकर आदर्श आचार संहिता अध्याय 20 के नियम 20.9.5 का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन भी किया जा रहा है। ज्ञापन पत्र सौंपने के दौरान बी के बौहरे,राधेश्याम शर्मा, राम सिया दंडोतिया, राकेश यादव ,शेर सिंह जादौन ,महेंद्र सिंह कुशवाह, गौरव शुक्ला ,प्रशांत बोहरे, महेंद्र सिंह चौहान उपस्थित थे।

### वन विभाग चौकीदार की हत्या करने वाला आरोपी

# 8 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### सिविल लाइन एवं बड़ौनी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**संदीप प्रधान ब्यूरो**

दतिया पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह के निर्देशन में भांडेर विधानसभा उपचुनाव पूर्व स्थाई असामाजिक तत्वों व फरार अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ हेतु निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी महोदय सुमित अग्रवाल व एसडीओपी बड़ौनी उपेंद्र दीक्षित के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन टीआई रविंद्र गुर्जर एवं बड़ौनी थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा के संयुक्त कार्रवाई में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने तीन साल से फरार आरोपी अरविंद यादव ने अपने साथी आरोपी भगवत यादव पुत्र राम मिलन व यादव उत्तम यादव पुत्र भैया लाल यादव, निवासी निचरौली के साथ मिलकर पैसों के लेनदेन को लेकर वनविभाग कर्मचारी पंचम पाल निवासी ग्राम थे । पंचमपाल की हत्या नीलगाय से हुई है ऐसी खबर जंगल तथा आसपास के क्षेत्रों में फैला दी थी।



बाजनी की निचरोली के जंगल में गर्दन में कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी तथा हत्या के पश्चात नीलगाय की बाल के सींग शव के पास रख दिए ज्ञात रहे कि पूर्व में मर्ग कायम कर जांच उपरांत आरोपी अरविंद यादव निवासी निचरौली की गिरफ्तारी पर हत्याकांड का खुलासा होकर थाना सिविल लाइन में तहत धारा 302 ,,34 ताहि का कायम दिनांक 12 नौ 2020 को पंजीबद्ध किया गया था।तथा आरोपी भगवत यादव व उत्तम यादव की गिरफ्तारी पर 8000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर निचरोली के जंगल से आरोपी भगवत यादव को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी वन संरक्षण अधिनियम तथा मारपीट के प्रकरण दर्ज है ।उक्त कार्रवाई में थाना सिविल लाइन टीआई रविंद्र गुर्जर एवं थाना प्रभारी बड़ौनी रविंद्र शर्मा,, आरक्षक योगेंद्र राजावत, आरक्षक रविंद्र यादव ,आरक्षक पुष्पेंद्र यादव, आरक्षक दिलीप प्रधान ,आर चालक शिवराम गुर्जर की अहम भूमिका रही।



## दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एक सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी

**रिपोर्टर-ठाकुरदास लोधी**

**पिछोर।** महिला एवं बालविकास परियोजना अधिकारी तथा महिला एवं बालविकास पर्यवेक्षक द्वारा दो आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिस दौरान दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एक आंगनवाड़ी सहायिका अनुपस्थित मिलने पर उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया है और तीन दिवस के भीतर जबाब देने को कहा है। बता दें कि महिला एवं बालविकास परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी द्वारा शुक्रवार को आंगनवाड़ी केंद्र सेजपुरा बमना का निरीक्षण किया जिस दौरान उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र बन्द मिला एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति पाठक व आंगनवाड़ी सहायिका पार्वती जाटव केंद्र पर अनुपस्थित मिलीं वहीं एक अन्य केंद्र बाचरौंन चौराहे पर भी महिला एवं बालविकास अधिकारी अरविंद तिवारी तथा पर्यवेक्षक जूली गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया जिस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी गुप्ता भी केंद्र पर अनुपस्थित मिलीं जिस पर तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर कार्यालय में स्वयं प्रस्तुत होकर जबाब देने को कहा है।

## प्रदेश कांग्रेस ने पंकज त्रिपाठी को मेहँगाव चुनाव प्रचार प्रसार प्रभारी बनाया

**भोपाल/**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने विधानसभा क्षेत्र मेहगांव का चुनाव प्रचार प्रसार प्रभारी पंकज त्रिपाठी को बनाया है।कांग्रेस नेता पंकज त्रिपाठी ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चन्द्रप्रभाष शेखर, प्रदेश महामंत्री संगठन प्रभारी राजीव सिंह, कांग्रेस नेता नरेंद्र शर्मा, का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी से निभाने के लिए पूरा प्रयास करूंगा।

# स्काउट एवं गाइड ने निकाली मतदाता जन जागरूकता साइकिल रैली

**महेंद्र शर्मा ग्वालियर संभाग रिपोर्टर**

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिण्ड के तत्वाधान में मतदाता जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से गोहद विधानसभा क्षेत्र तक किया गया मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन स्काउट एवं गाइड द्वारा,शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल गोरमी प्रांगण दोपहर 11ः00 बजे, मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड श्री आई. एस. ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर श्री हर भवन सिंह तोमर एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला पंचायत भिंड श्री राकेश खरे तथा रेली संचालक जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री अतिबल सिंह स्काउट एवं गाइड द्वारा मतदाता जन जागरूकता रैली को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाने के पश्चात साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, रेली मुख्य मार्गो से होते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मानहड पहुंची वहां पर भी रैली के प्रतिभागियों के द्वारा ग्रामवासी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाने का कार्यक्रम किया गया रैली का जन जागरूकता स्काउट साइकिल रैली मनहड से 12ः00 बजे सीताराम की लावन के लिए रवाना हुई , रैली सीताराम की लावन में जाकर भी एक मतदाता जागरूकता सभा का आयोजन किया गया सभा के दौरान मतदान शत-प्रतिशत करने के लिए मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई, रैली 1ः00 बजे गोहद विधानसभा क्षेत्र मै नोवल हायर सेकेंडरी स्कूल तेहरा गोहद चौराहा के प्रांगण में मतदाता जन जागरण साइकिल रैली का समापन कार्यक्रम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासी मतदाताओं तथा स्काउट गाइड और स्कूली छात्रों ने हिस्सेदारी की और कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री आई.एस. ठाकुर जिला पंचायत भिंड ने स्काउट गाइड के द्वारा मतदाता जागरूकता साइकिल रैली के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की हम सभी घर परिवार में मोहल्ले में नगर में ग्राम में पड़ोसियों को रिश्तेदारों को, जागृत करें और शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें, अगर हमारा मतदान शत प्रतिशत सही होगा तो निश्चित ही एक अच्छे लीडर नेता का चुनाव होगा जो हमेशा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का निराकरण करेगा और हमेशा आपके सहयोग में आपके पास खड़ा रहेगा, रेली गोरमी से चलकर से गोहद चौराहा तक 22 किलोमीटर का एक तरफ से सफर तय किया, रैली के विशेष विशिष्ट अतिथि श्री हरि भवन सिंह तोमर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर, एवं द्वितीय विशिष्ट विशिष्ट अतिथि श्री राकेश खरे जिला परियोजना अधिकारी जिला पंचायत भिंड, भी साइकिल रैली प्रतिभागियों को उत्साहित और मार्गदर्शन करते रहे, कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री अतिबल सिंह के द्वारा किया गया कार्यक्रम के सहयोगी के रुप में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोरमी प्राचार्य श्रीवास्तव जी एवं , शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मानहड के प्राचार्य श्री आरपी किरार, शासकीय हाई स्कूल सीताराम की लावन प्राचार्य श्री महेश कुमार कनेरिया जी बीआर सी मेहगांव श्री अरविंद सिंह भदोरिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोहद श्री के एल शेजवार , श्रीमती कीर्ति भदौरिया, श्रीमती मीना गुप्ता, श्री राजकुमार शर्मा, श्री सतीश कुमार थापक, श्री राम अवतार सिंह ओझा, श्री जितेंद्र सिंह तोमर संचालक नोवल हायर सेकेंडरी स्कूल तेहरा श्री पंकज सखवार सुभाष सिंह राज राजावत रोहित इंदौरिया



## दुर्गापूजा पंडालों पर प्रशासन की पैनी नजर

**अमन राय ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

दुर्गापुर अनुमंडल में दुर्गापूजा की धूम मची हुई है लोग नियमों का पालन करते हुए मास्क पहने हुए पंडाल एवं प्रतिमा का दर्शन भी कर रहे हैं. पुलिस प्रशासन भी पूरे क्षेत्र में अपनी पैनी नजर रखे हुए हैं. डीसीपी ईस्ट अभिषेक गुप्ता खुद पंडालों में जाकर पूरी व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं. ऐसे में श्रद्धालुओं एवं आयोजकों का प्रशासन को सहयोग भी मिल रहा है. हमने बात की दुर्गापुर के एनटीएस थाना अंतर्गत महिलाओं द्वारा आयोजित पूजा पंडाल शिल्पा कानन फेज 2 बिधाननगर की श्रीमती बानी बनर्जी से उनका कहना है हम लोग पूरी विधि व्यवस्था प्रशासन द्वारा बताए गए नियमों के अनुसार ही किए हुए हैं. पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं में जिन लोगों ने मास्क नहीं पहना है उन लोगों को हम लोग मास्क भी दे रहे हैं. पुलिस प्रशासन का हमें काफी सहयोग मिल रहा है. इस पूजा पंडाल के आयोजन में मुख्य रूप से जिनकी भूमिका है उनका नाम श्राबनि चटर्जी, अल्पना कुमार, महेशवता महापात्रा, अंतरा चौधरी, सोमा मुखर्जी,बानी बनर्जी आदि महिलाओं ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में इनकी भूमिका रही है.



## स्लम बस्ती में बालिकाओं को बांटी स्टेशनरी

**कृतिका राठौड़**

सिटी रिपोर्टर परिचर्या फाउंडेशन की ओर से साइंस कॉलेज स्थित स्लम बस्ती में नवरात्रों के उपलक्ष्य में स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया इसमें संस्था के सदस्यों ने गरीब एवं जरूरतमंद बालिकाओं का पूजन किया और उन्हें स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया इस अवसर पर सरोज सिंह नागेंद्र सिंह डॉक्टर ए पी सिंह विकास एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## माता रानी के दरबार में गूंज रहे

**हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

तहसील खनियाधाना के ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में माता रानी के दरबार में हो रहे बड़े ही धूमधाम से हो रहा कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र लोधी जी के दुरा कार्यक्रम किया गया जिसमें की 5 ब दिन में तरह तरह की झाकियां निकाली जा रही ह माता रानी के दरबार में भक्तों की लगी लंबी कतार है और बहुत ही आनंद लेते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही आनंद आ रहा नवरात्रि के अवसर पर युवाओं द्वारा सजाया गया पांडाल एवं भोलेनाथ की गौरव पार्वती मां की झांकी दिखाई गई जहां पंडा जी श्री मोहन सिंह लोधी आरती उतार के बंदना की खनियाधाना से,,,,,,

## नवरात्र के शुभ अवसर पर ज़रनल ज़ोरावर सिंह ट्रस्ट की और से आज विजयपुर रियासी में नवरात्री में कंजक पुजन किया गया,

**रघुवीर ठाकुर**



**रियासी।** नवरात्र के शुभ अवसर पर ज़रनल ज़ोरावर सिंह ट्रस्ट की और से आज विजयपुर रियासी में नवरात्री में कंजक पुजन किया गया, जिस्मे बच्चो को पाठन स्माग्री, स्कूल बैग्स दीए गए! इस मोके पर ट्रस्ट के चैयरमैन देविन्देर सिंह, दिक्षा और रिया कलुरिआ मोजुद रहे! पाठन स्माग्री राजेश्वर सिंह मन्हास द्वारा दान की गई! बताते चलें की जनरल जोरावर सिंह ट्रस्ट की ओर से लगातार कई वर्षों से रियासी मैं धार्मिक व समाज सेवा के कार्य लगातार किए जा रहे हैं।



## राजपुरोहित का जोरदार स्वागत किया गया

**रानी पाली.** नेनाराम सीरवी. 23 अक्टूबर 2020 पुष्पांजलि टुडे न्यूज़.राजस्थान पंचायत राज विभाग ग्रामीण सरकार ग्राम पंचायत चुनाव में शानदार विजय प्राप्त करने वाले राजपुरोहित का राजपुरोहित समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया. रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत.पिलावनी. नव निर्वाचित सरपंच किशोर सिंह राजपुरोहित का राजपुरोहित समाज निंबाड़ा द्वारा राजपुरोहित समाज भवन में संपूर्ण राजपुरोहित समाज द्वारा स्वागत किया गया. सरपंच विजेता होने पर पहली बार पहुंचे राजपुरोहित निंबाड़ा गांव. जिसमें संपूर्ण राजपुरोहित समाज द्वारा राजस्थानी रीति रिवाज एवं परंपरा के अनुसार शानदार स्वागत किया गया.रानी पंचायत समिति के निवर्तमान प्रधान नवरत्न सिरवी निवर्तमान रानी पंचायत समिति प्रधान किशोर सिंह राजपुरोहित. अपने बीते कार्यकाल के दौरान हर जनता के दिल में बसे ईमानदार लाडले जनप्रतिनिधियों को वापस ग्रामीण सरकार संभालने का दायित्व दिया गया. रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत.सिवास. सरपंच फूसाराम सिरवी निवर्तमान प्रधान रानी पंचायत समिति के प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत.पिलावनी. सरपंच काकू किशोर सिंह राजपुरोहित ने वर्तमान उप प्रधान रहे. राजस्थान पंचायत राज विभाग स्तर पर ग्रामीण सरकार संभालने का दायित्व ग्रामीणों ने वापस दिया. बीते चुनावों में किशोर सिंह राजपुरोहित ने शानदार विजय प्राप्त की जिसमें निंबाड़ा राजपुरोहित समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने बाले आरोपीगणों का जमानती आबेदन निरस्त

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश लहार के न्यायालय में आज नाबालिग के साथ बलात्कार करने बाले आरोपीगण नारायण एवम संगम की जमानत याचिका खारिज कर दी है । अपरलोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह जादौन द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 सितंबर 2020 को दोपहर 3 बजे फरियादिया नाबालिक युवती दुकान से साबुन लेने के लिए गयी थी तो अभियुक्त अभिषेक द्वारा उसे घर के अंदर खींचकर सांकर बन्द कर ली और पीड़िता के साथ बलात्कार किया जब कुछ देर बाद युवती की मां उसे ढूंढते हुए पहुँची तो तीनों अभियुक्त घर के पीछे से कूंदकर भाग गए बचते हुए पीड़िता अपनी मां के पास पहुँची ओर पूरी बात बताई जिसके बाद लहार थाने में सूचना दी गयी और लहार थाने के अपराध क्र.310/20 के तहत आरोपी नारायण पुत्र बलराम,संगम पुत्र गंगाधर एवम अभिषेक निबासी सुंदरपुरा के विरुद्ध धारा 363,366,366ए,376ए भादवि तथा धारा 5/6पॉस्को एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया ।

# संतों की सुरक्षा को पुख्ता बनाने की अपील संत समाज को मिल रही धमकियां बर्दाश्त नहीं

**अमित कुमार**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हिन्दू संत? समाज को मिल रही धमकियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से संत समाज की सुरक्षा को पुख्ता बनाने की अपील की है । पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनीश साहनी की अध्यक्षता में शिवसेना नेताओं ने आज पूजनीय बाल संत शक्ति पीठ श्री साहिल जी महाराज के निवास स्थान पर मुलाकात कर , संत समाज को मिल रही आंतकवादी धमकियों एवं सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने पर आवाज बुलंद करने पर विचार विमर्श किया।

साहनी ने कहा कि संत समाज को धमकाया जाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूजनीय बाल संत साहिल जी महाराज ने बताया कि , हिंन्दु धर्म के उत्थान , समाज कल्याण एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने का जो अभियान वह चला रहे हैं , शायद सीमा पार सक्रीय अलगाववादी ताकतों को वह रास नहीं आ रहा । उन्हें लगातार फोन पर धमकाने एवं डराने का प्रयास किया जा रहा है। साहिल जी महाराज ने बताया कि उन्हें धमकाने की पूरी जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रशासन को भी दी गई है , मगर अभी तक उन्हें कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। साहनी ने जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रशासन से संतों की सुरक्षा को हल्के में नहीं लेनें की अपील करते हुए कहा कि हिंन्दु नेताओं की सुरक्षा को लेकर तो पुलिस प्रशासन कभी गंभीर नहीं हुआ मगर बिना हथियारो के सामाजिक बुराईयों



का अंत करने वाले संतों की सुरक्षा को लेकर आनाकानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी श्रीराजमाता झंडेवाला मंदिर के स्वामी श्री श्री राजेश्वरानंद राज गुरु जी महाराज पर भी हिन्दू विचारधारा को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल करने एवं धमकाने का प्रयास किया गया था । साहनी ने कहा कि किसी भी अनहोनी धटना का इंतजार किए बिना संत समाज की सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। साहनी ने जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के आंतकवाद के प्रति कड़े रुख की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आंतकवाद के सफाए और पुलिस कर्मियों की शहादत का बदला लेने का जो बीड़ा उन्होंने उठाया है , पूरे देश आज उनके साथ हैं और उनके इस जज्बे की जमकर प्रशंसा हो रही है। साहनी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल माननीय मनोज सिन्हा से संतों की सुरक्षा की गारंटी देने की अपील की गई ?। इस मौके शिवसेना नेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर भारतीय मोदी आर्मी के सदस्य , किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष सिंह चिब, दविन्द्र सिंह चिब , शक्ति शर्मा , विनोद शर्मा , समेत शिवसेना मिनाक्षी छिब्बर अध्यक्ष महिला विंग, विकास बख्शी महासचिव , भूरी सिंह प्रमुख रियासी उपस्थित रहे।

सीएम उपचुनाव से पहले शिवराज सिंह चौहान बोले-

# राज्य के हर गरीब को मुफ्त में दी जाएगी कोरोना वैक्सीन

**ग्वालियर भोपाल।** मध्य प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव से पहले शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को ऐलान किया कि प्रदेश सरकार राज्य के हर गरीब निवासी को मुफ्त में कोरोना वायरस की वैक्सीन उपलब्ध कराएगी। चौहान ने ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मुन्नालाल गोयल के समर्थन में एक जनसभा में कहा, बिहार चुनाव में भाजपा ने घोषणा की है कि गरीबों को कोरोना वायरस का टीका मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। यह टीका मध्य प्रदेश के गरीबों को भी भाजपा सरकार मुफ्त में देगी। वहीं, इसके कुछ ही देर बाद उन्होंने ट्वीट किया, जब से देश में कोविड-19 टीके का ट्रायल शुरू हुआ, देश के गरीब वर्ग में एक चर्चा भी शुरू हुई - क्या हम ये खर्च वहन कर पाएंगे? आज मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ, मध्य प्रदेश में हर एक गरीब प्रदेशवासी को मुफ्त टीका मिलेगा। हम ये जंग जीतेंगे। मध्य प्रदेश में अब तक कुल 1,64,341 लोग कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें से 2,842 मरीजों की मौत हो चुकी है और 1,49,353



मरीज स्वस्थ होकर घर चए गए हैं। बता दें कि बीजेपी ने बिहार चुनाव में वादा किया है कि अगर राज्य में उसकी सरकार बनती है तो फिर जनता को फ्री में कोरोना की वैक्सीन दी जाएगी। इस वादे के बाद घमासान शुरू हो गया। आरजेडी, कांग्रेस समेत तमाम दलों ने बीजेपी पर हमला बोला। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारत सरकार ने कोरोना वायरस के टीके तक लोगों की पहुंच से जुड़ी अपनी रणनीति की घोषणा कर दी है। कृपया यह जानने के लिए राज्यवार चुनाव कार्यक्रमों का सहारा लें कि यह आपको दूसरे फर्जी वादों के पिटारे के साथ कब मिलेगा। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने भी आश्वासन दिया है कि कोविड-19 की वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद जल्द से जल्द राज्य के सभी वर्गों के लिए फ्री में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पलानीस्वामी ने कहा, मैं यह घोषणा करना चाहूंगा कि जितने जल्दी टीका विकसित होता है (और राज्यों को उपलब्ध होता है) तमिलनाडु के सभी लोगों का टीकाकरण किया जाएगा और सरकार इसका खर्च वहन करेगी।

## सोते हुए जवान बेटे को मां ने कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या, कहा-मैंने नहीं, देवी मां ने मुझसे यह कराया

भोपाल। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने सो रहे अपने जवान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बेटे की मौत के बाद इस अंधविश्वासी मां ने कहा- मैंने नहीं, देवी मां ने मुझसे यह कराया है। पन्ना नगर थाना कोतवाली अंतर्गत कोहनी गांव में रात करीब 1:00 बजे एक मां ने सो रहे अपने 24 वर्षीय जवान बेटे की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, 50 वर्षीय महिला सुनिया बाई को देवी देवताओं के भाव आते थे। वह कहती थी कि मैं सन्यासी देवता हूं और किसी न किसी का खून पीकर ही रहूंगी। उसे बगल में स्थापित देवी मां की प्रतिमा के पास रात में कुछ ऐसे भाव आए कि वह गहरी नींद में सो रहे अपने पुत्र के ऊपर कुल्हाड़ी से तीन-चार वार कर दिए। इससे उसका 24 वर्षीय पुत्र द्वारका प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया। थाना कोतवाली के निरीक्षक अरुण कुमार सोनी ने बताया कि आरोपी मां की हालत अभी ठीक नहीं है। उसका पहले से बीमारी का इलाज चल रहा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामला प्रथम दृष्टया अंधविश्वास का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं से भी इस मामले की जांच कर रही है।

दो दिन लगातार महिला के साथ 5 लोगों ने किया गैंगरेप

## जान से मारने की धमकी दे छोड़ा

**झाबुआ (मप्र), पीटीआई।** मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले में 35 वर्षीय महिला के साथ कथित गैंग रेप के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि घटना जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर पेटलावद थाना क्षेत्र में 17 और 18 अक्टूबर को हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी दशरथ (27), हीरालाल सिंह (24), रितेश (18), कोमल (21) और एक नाबालिग आरोपी को संबद्ध धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। गुप्ता ने पीड़िता की शिकायत के हवाले से बताया कि महिला का पड़ोसी दशरथ 17 अक्टूबर को उसे एक मकान में ले गया। वहां उसके अन्य साथी पहले से मौजूद थे। वहां पांचों आरोपियों ने महिला के साथ बलात्कार किया और



किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। अगले दिन 18 अक्टूबर को पांचों आरोपियों ने पीड़िता को फिर से पकड़ कर कानवन रोड की ओर जंगल में एक नाले में ले गये और उसके साथ फिर से बलात्कार किया तथा पुनः जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। एसपी ने बताया कि 21 अक्टूबर को पीड़िता ने पुलिस से संपर्क किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार व अन्य संबंधित आरोपों में मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद पेटलावद पुलिस थाना प्रभारी संजय रावत के नेतृत्व में पुलिस दल ने आरोपियों के निवास सहित विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## नाबालिग बेटी ने कपड़े धोने वाली मोगरी से पिता को तब तक पीटा, जब तक नहीं हो गई मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 16 साल की एक किशोरी ने कपड़ा धोने वाली मोगरी से पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। दरअसल, उसका पिता भंवरलाल रोज उसकी मां से गाली-गलौज और मारपीट करता था। इससे तंग आकर बेटी ने बुधवार को शाम को अपने पिता को ही मार डाला। नाबालिग बेटी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बेटी ने पुलिस को बताया कि वह पापा की रोज-रोज की चिक-चिक से तंग आ गई थी। वह हर रोज घर आकर मम्मी को गाली देते और पीटते थे। उससे अब ऐसा होते देखा नहीं जा रहा था, इसीलिए पिता की हत्या कर दी। बैरसिया के एसडीओपी केके वर्मा ने बताया कि बुधवार शाम को जब पिता भंवरलाल घर लौटा तो शराब के नशे में था। इस दौरान उसकी पत्नी ने बेटे लोकेश कुमार की शादी की बात छेड़ी। इस पर भंवरलाल उसे गाली देने लगा। नाबालिग बेटी ने बीचबचाव किया तो पिता और गुस्सा हो गया। वह दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। इस दौरान बेटी घर में रखी कपड़ा धोने वाली मोगरी ले आई और पिता के सिर और पीठ में मारना शुरू कर दिया। वह अपने पिता को तब तक पीटती रही, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। बैरसिया पुलिस ने बेटी को हिरासत में ले लिया है।

## यूपी पंचायत चुनाव से पहले एक्शन में पुलिस, अपराधियों को किया जिला बदर

**संभल।** यूपी में भले ही अभी पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है प्रशासनिक अमला पूरी तैयारियों में जुट गया है। पुलिस भी एक्शन में आ गई है। ग्राम पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने गुन्नौर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 26 अपराधियों को किया बदर किया है। अगर इनमें से कोई भी अपराधी क्षेत्र में दिखाई दिया तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

इंस्पेक्टर गुन्नौर संजीव कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। क्षेत्र के गांव कुहेरा निवासी सुंदर, नेत्रपाल, अमरपाल, सोमवीर , सतपाल, भगवान सिंह, कुमरपाल, गिरीश, बनवारी, राहुल, अमरपाल, हरवेश, गजेंद्रपाल उर्फ राजेंद्रपाल के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई हुई है। वहीं गांव नगला अजमेरी निवासी राजकुमार, अनिल, अखिलेश, गजेंद्र, बुद्धि और गांव लहरा नगला श्याम निवासी शिल्लू, सैमला गुन्नौर निवासी टिल्लू उर्फ डालचंद, नब्बी उर्फ़ नवाब सिंह, पूरन सिंह, पप्पू , सैंजना अरहान निवासी रामखिलाड़ी एवं शाहपुर निवासी किशन वीर उर्फ मुरारी जबकि हीरापुर उर्फ इटऊआ



निवासी हरपाल सहित 26 लोगों को छह महीनों के लिए जिला बदर किया गया है।

**पंचायत चुनाव में गुंडागर्दी करने वालों पर होगा एक्शन**-भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने को कहा कि सपा मानसिकता वाले अफसरों को चिन्हित किया जाएगा। पंचायत चुनाव में यदि गुंडागर्दी करने का कोई काम किया गया तो इस पर शासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को नुस्खे समझाए। यहां जिला कार्यालय पर हुई बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि आगामी वर्ष में पंचायत चुनाव होने वाले हैं। अभी से कार्यकर्ता कमर कस लें। पंचायत के सभी पदों पर पार्टी परचम लहरा सके इसके लिए कार्यकर्ता मतदाता सूची का मूल्यांकन करे और फर्जी मतदाताओं को चिन्हित करके उनका मतदाता सूची से नाम हटवाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने सत्ता में रहकर धनबल और बाहुबल के बल पर धांधली का काम किया था। अब यह होने वाला नहीं है। पंचायत चुनाव में गुंडागर्दी करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगा। उन्होने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए घर घर संपर्क करें। चुनाव जीतने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं। पार्टी कार्यकर्ताओं को आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने की सलाह दी। यह भी कहा कि प्रत्याशियों के चयन के समय जातीय समीकरण का विशेष ध्यान दिया जाए। सांसद मुकेश राजपूत ने सरकार की योजनाएं बताईं। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि जिला पंचायत के अंतर्गत सभी वार्ड में संयाजकों की नियुक्ति पार्टी ने तय की है। यह संयोजक अपने क्षेत्रों में चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। इस दौरान पंचायत चुनाव प्रभारी हिमांशु गुप्ता ने भी विचार रखे। विधायक अमर सिंह खटिक, दिनेश कटियार, संजीव गुप्ता, अशोक कटियार, भास्कर दत्त द्विवेदी, शिवांग रस्तोगी, ममता सक्सेना आदि की उपस्थिति रही।

हाथरस केस : सीबीआई को जेल से मिले कई महत्वपूर्ण सुराग

# मेडिकल कॉलेज से मांगी सीसीटीवी फुटेज

**हाथरस।** हाथरस प्रकरण में सीबीआई की टीम जांच में जुटी है। चौथी बार सीबीआई जेल पहुंची और आरोपियों से पूछताछ की। सबसे ज्यादा पूछताछ मुख्य आरोपी संदीप से की गई है।अलीगढ़ जेल में बंद हाथरस प्रकरण के चारों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए सीबीआई की टीम सोमवार को जेल पहुंची थी। टीम के सदस्यों ने जेल व एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच की थी। मेडिकल कॉलेज में पीड़िता का इलाज करने वाले चिकित्सकों से विभिन्न सवालों का जवाब मांगते हुए कुछ दस्तावेज भी मांगे थे। वहीं जेल में चारों आरोपियों से बारी-बारी से पूछताछ की गई। बुधवार को सीबीआई की दो टीमें अलीगढ़ जेल पहुंची थीं। गुरुवार दोपहर सीबीआई एक बार फिर से अलीगढ़ जेल व मेडिकल कॉलेज पहुंची। जेल में मुख्य आरोपियों से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। वहीं मेडिकल कॉलेज में पीड़िता के इलाज टीम में शामिल चिकित्सकों के अलावा स्टाफ से भी बातचीत की गई। सूत्रों की मानें तो टीम को मेडिकल कॉलेज व जेल से कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं।

**मेडिकल कॉलेज से मांगे सीसीटीवी फुटेज-** सीबीआई की टीम ने जेएन मेडिकल कॉलेज से सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं। पीड़िता कॉलेज में रेफर होकर



कब आई और कब दिल्ली रेफर हुई, इस बीच के पूर्ण सीसीटीवी फुटेज सीबीआई की टीम ने कॉलेज प्रशासन से मांगे हैं। ऐसे में अब कॉलेज के अधिकारी फुटेज निकलने में लगे हैं। आलोक सिंह, जेल अधीक्षक ने बताया कि सीबीआई की टीम दोपहर बाद जिला कारागार पहुंची। घंटों तक गैंगरेप आरोपियों से पूछताछ करने के बाद वापस लौट गई।

**मेडिकल कॉलेज से हटाये दोनों मेडिकल ऑफिसर्स बहाल-**एएमयू के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में हटाये गये दो चिकित्साधिकारियों को दो दिन बाद गुरुवार को बहाल कर दिया गया। विवि के उच्चाधिकारियों ने सीएमओ इंचार्ज की ओर से प्रस्ताव मिलने के बाद उसको पास कर दिया। अब दोनों अधिकारी शुक्रवार से पुनः ड्यूटी करेंगे। सोमवार सुबह सीबीआई की टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची थी। टीम ने हाथरस की पीड़िता का इलाज करने वाले चिकित्सकों व स्टाफ की सूची मांगकर उनसे घंटों तक पूछताछ की थी। पूछताछ को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि मंगलवार दोपहर ट्रामा सेंटर और इमरजेंसी के कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. एसएएच जैदी की तरफ से एक नोटिस जारी करके दो मेडिकल ऑफिसर डॉ. उबैद इम्तियाज उल हक और डॉ. मो. अजीमुद्दीन मलिक को पद से हटा दिया। नोटिस में कहा गया कि संबंधित दोनों डॉक्टर किसी भी तरह की अपनी ड्यूटी को आगे परफॉर्म न करें। दोनों चिकित्सकों ने हटाने पर आपत्ति जताते हुए वीसी को पत्र लिखा था। इंतजामिया ने पत्र का संज्ञान लेते हुए कहा था कि उनका टर्म खत्म हो चुका है।



## एक करोड़ 9 लाख उपभोक्ताओं ने कभी जमा नहीं किया बिजली बिल

**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन में एक करोड़ नौ लाख उपभोक्ताओं ने कभी बिजली बिल जमा नहीं किया। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को काली सूची में डाला है। यह काली सूची पावर कारपोरेशन के रिकॉर्ड में नेवर पेमेंट (कभी भुगतान न करने वाले) कहलाती है। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों से चेकिंग अभियान चलाकर राजस्व वसूली का निर्देश दिया है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक पूर्वांचल डिस्कॉम में 43 लाख उपभोक्ता, मध्यांचल निगम में 33 लाख उपभोक्ता है, जिन्होंने कभी बिजली बिल जमा नहीं किया है। वहीं लखनऊ में एक लाख उपभोक्ता है। जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद कभी बिजली बिल जमा नहीं किया है। इसमें सिस गोमती के 88 हजार और ट्रांसगोमती क्षेत्र के 22 हजार उपभोक्ता है।



## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सभी आरटीओ को मिले ये निर्देश

**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के सभी आरटीओ व एआरटीओ को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) की प्रगति पर हर सप्ताह रिपोर्ट भेजें। जिससे पता चल सके कि किस जिले के कितने पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाई गई है। दूसरी ओर उन्होंने अपने आदेश में बंद हो चुकी गाड़ियों के बारे में जल्द ही नीति तय करने की बात कही है। एचएसआरपी को लेकर गुरुवार को परिवहन विभाग ने अफसरों से साफ कहा है कि वह नंबर प्लेट बनाने वाली कंपनियों को अब कतई छूट देने के मूड में नहीं है। किसी भी हालत में एचएसआरपी बनवाने के लिए आवेदन करने वाले वाहन स्वामियों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी भी अब एचएसआरपी पोर्टल पर नजर रखेंगे। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने प्रदेश के सभी आरटीओ से कहा है कि वह एचएसआरपी की व्यवस्था को चाक चौबंद करें। नंबर प्लेट बनाने वाले डीलरों से भी आरटीओ अब नियमित संपर्क में रहेंगे। डीलरों को पुरानी नंबर प्लेटों की बुकिंग व नंबर प्लेटों के बनने की स्थिति के बारे में भी आरटीओ को अपडेट देना होगा।

## अनलॉक में चमका जरी कारोबार, पंजाब से कनाडा तक मिल रहे धड़ाधड़ नए आर्डर

लखनऊ। दुनिया भर में मशहूर लखनऊ की जरी की चमक एक बार फिर देश-विदेश तक फैलने लगी है। अनलॉक-2 के बाद से अब तक 80 फीसदी कारोबार पटरी पर लौट आया है। इसी का नतीजा है कि देश-विदेश से करीब 300 करोड़ के नये आर्डर मिल चुके हैं। कारोबारियों के मुताबिक अगस्त से आर्डर आने लगे थे, जिसमें 80 फीसदी आर्डर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के हैं। इसके अलावा 20 फीसदी कनाडा, अमेरिका सहित अन्य यूरोपियन देशों से मिले हैं।

**चिकन पर जरदोजी का काम तो विश्व प्रसिद्ध-** लखनऊ की जरदोजी कला में कई तरह के काम किये जाते हैं, जैसे रेशम में काम, करदाना मोती, कोरा नकसीस, सादी कसब और अन्य तरह के काम किये जाते हैं। सादे कपड़े पर मोती रेशम के धागे से डिजाइन बनाया जाता है। इसके अलावा वक्त के साथ चिकन पर भी जरदोजी के काम होने लगे हैं। चिकन पर जरदोजी का काम तो विश्व प्रसिद्ध है। बनारसी साड़ियों पर भी जरदोजी के काम की मांग अब ज्यादा बढ़ गई है। जरी कारोबारी अमिराज सक्सेना ने बताया कि वर्ष 2000 में रेशम का काम ज्यादा होता था, मगर वर्तमान समय में चॉदला का काम ज्यादा चल रहा है।

बलिया कांडः रिवाल्वर से मारी थी गोली

## आरोपी के घर पेड़ के पास जमीन में गड़ी मिली

**बलिया।** बलिया के दुर्जनपुर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्याकांड में इस्तेमाल रिवाल्वर बरामद कर लिया है। शुक्रवार की सुबह मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह के घर के दक्षिण में नीम के पेड़ के पास जमीन में गाड़कर रखा गया रिवाल्वर बरामद कर लिया गया। धीरेंद्र को पुलिस ने इस समय अपनी कस्टडी में लिया है। बुधवार की सुबह से 48 घंटे की रिमांड पुलिस को मिली है। धीरेंद्र को कस्टडी में लेने के बाद पुलिस उसे लेकर घर गई थी और झाड़ियों के साथ ही घर के कोने कोने में रिवाल्वर की तलाश की गई थी। बताया जा रहा है कि एक झाड़ी के पास से बुधवार को ही कुछ खोखे भी पुलिस को बरामद हुए थे। बुधवार की पूरी रात धीरेंद्र से पूछताछ चली। इसके बाद बाद सुबह सुबह एक बार फिर पुलिस धीरेंद्र को लेकर उसके घर पहुंची और उसकी निशानदेही पर घर के दक्षिण में स्थित नीम के पेड़ के नीचे मिट्टी में दबाए गए रिवाल्वर को



बरामद कर लिया। बताया जाता है कि यह वही रिवाल्वर है जिसका लाइसेंस भी धीरेंद्र के पास है। पुलिस पहले ही लाइसेंस कैंसिल करने की बात कह चुकी है।

**केस दर्ज कराने को कोर्ट की शरण में पहुंचा आरोपित पक्ष-**बलिया कांड के मुख्य आरोपी धीरेंद्र सिंह का परिवार भी अपने ऊपर हुए हमले की एफआईआर दर्ज कराने अब कोर्ट पहुंच गया है। घटना के दो दिन बाद ही क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह के साथ परिवार की महिलाएं एफआईआर के लिए थाने गई थी लेकिन केस नहीं दर्ज हो सका था। गुरुवार को परिवार की महिलाओं ने एफआईआर नहीं दर्ज होने पर आत्मदाह तक की चेतावनी दी थी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने किसी तरह उन्हें समझाया था। शुक्रवार को धीरेंद्र की भाभी आशा ने न्यायालय में याचिका दाखिल कर एफआईआर की मांग की। उन्होंने ग्राम प्रधान समेत दो दर्जन पर आरोप लगाया है।

### ये था मामला

बलिया जिले के रेवती थाना इलाके के दुर्जनपुर गांव के पंचायत भवन में 15 अक्तूबर को हनुमानगंज और दुर्जनपुर की कोटे की दुकानों के चयन को लेकर खुली बैठक की जा रही थी। इस दौरान विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में तनातनी शुरू हो गई। प्रशासन के विरोध में नारेबाजी हुई। देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे। इस दौरान पुलिस के सामने ही मुख्य आरोपी धीरेंद्र ने फायरिंग कर दी। इससे जयप्रकाश पाल (45) की गोली लगने से मौत हो गई। इस मामले में धीरेंद्र समेत आठ नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के 72 घंटे के बाद यूपी एसटीएफ ने लखनऊ के पॉलीटेक्निक चौराहे से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया था।

संपादकीय


# दुष्चक्र से दूर

माना यह जा रहा है कि पंजाब विधानसभा में पारित विधेयकों के जरिए उन केंद्रीय कानूनों को बेअसर किया जा सकेगा, जिनके खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं। संसद में तीन कृषि विधेयकों के पारित होने के बाद से देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की शिकायत है कि न केवल उनकी आपत्तियों को दरकिनार किया गया, बल्कि जो कृषि विधेयक पारित कराए गए हैं, उनके अमल में आने के बाद कृषि क्षेत्र पर कॉरपोरेटों का कब्जा हो जाएगा और किसान लाचारी की हालत में आ जाएंगे। इस मसले पर सबसे ज्यादा मुखर विरोध पंजाब और हरियाणा में दिखा। पंजाब में कांग्रेस की सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि वह किसानों का अहित नहीं होने देगी। शायद यही वजह है कि अब पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से पारित कृषि विधेयकों के बरक्स राज्य विधानसभा में तीन विधेयक पेश किए। इन विधेयकों को विधानसभा में भाजपा को छोड़ कर अन्य सभी दलों का समर्थन मिला और वे पारित हो गए। जाहिर है, पंजाब सरकार इन विधेयकों के जरिए किसानों का हित सुनिश्चित करने का दावा कर रही है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी संसद में पारित विधेयकों को कृषि क्षेत्र के हित में होने का दावा किया है। सवाल है कि अगर केंद्रीय कानूनों में किसानों का हित सुनिश्चित किया गया है तो किसानों को इसके विरोध में आंदोलन करने की जरूरत क्यों पड़ी। फिर जिन सवालों पर किसानों ने अपने भविष्य को लेकर चिंता जताई, पंजाब में राज्य स्तर पर पारित विधेयकों में क्या उन आशंकाओं को दूर किया गया है? विडंबना यह है कि पिछले कई दशकों से खेती लगातार घाटे का सौदा होती गई है और सरकार की नीतियां मुख्यतः बाजार केंद्रित होती गई है। कृषि क्षेत्र की बदहाली को दूर करने के समूचे मसले पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का सवाल सबसे अहम रहा है, लेकिन खेती-किसानी और बाजार के समूचे तंत्र में यह पहलू व्यवहार में कितना कारगर रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। यों केंद्र सरकार अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था बनाए रखने की बात कह रही है, लेकिन नए केंद्रीय कानूनों में जिस तरह फसलों की खरीद को मंडियों पर निर्भरता से मुक्त कराने का दावा किया गया है, उसमें नई व्यवस्था किसानों के लिए कितनी सहायक होगी, कहा नहीं जा सकता। माना यह जा रहा है कि पंजाब विधानसभा में पारित विधेयकों के जरिए उन केंद्रीय कानूनों को बेअसर किया जा सकेगा, जिनके खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं। इस विधेयकों के जरिए किसानों को यह भरोसा दिया गया है कि पंजाब में अब अगर गेहूं या धान की बिक्री या खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर की गई तो उसके लिए सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसके साथ ही अब ढाई एकड़ तक की जमीन की जब्ती से किसानों को छूट दी गई है और कृषि उपज की जमाखोरी या फिर कालाबाजारी की रोकथाम के उपाय किए गए हैं। गौरतलब है कि कृषि पर केंद्रीय कानूनों के खिलाफ किसानों के मौजूदा आंदोलन के ये मुख्य मुद्दे रहे हैं। इसके अलावा, एक प्रस्ताव में जिस तरह कृषि के राज्य सूची का विषय होने और केंद्र सरकार की ओर से कृषि विधेयकों के जरिए राज्यों पर सीधा हमला करने की बात कही गई है, वह एक अलग बहस को तूल दे सकती है। हालांकि इसके पहले भी कृषि को राज्य सूची से समवर्ती सूची में लाने की बातें सामने आती रही हैं और स्वामीनाथन आयोग ने भी इस मसले पर अपनी राय दी थी।

# उचित नहीं लापरवाही व बेफिक्री

योगेश कुमार गोयल

**दुनियाभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर चुका है। दूसरी ओर राहत की खबर यह सामने आई कि भारत में कोरोना संक्रमण का पहला दौर बीत चुका है और बीते तीन सप्ताह के दौरान कोरोना के नए मामलों और इससे होने वाली मौतों में कमी आई है। स्वस्थ होने वालों की दर बढ़कर 88.03 फीसदी हो गई है और देश में सक्रिय मरीजों की संख्या अब 8 लाख से कम है। हालांकि कुछ विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि कोरोना का असली प्रभाव आना बाकी है और अब नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने सर्दियों में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर आने की बात कहकर विशेषज्ञों की इस आशंका की पुष्टि कर दी है।**



दरअसल महामारी की पहली लहर थमने के बाद यूरोप में कोरोना संक्रमण फिर से बढ़ गया है, जहां अबतक 63 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं और दुनिया के हर 100 संक्रमितों में से 34 व्यक्ति यूरोपीय देशों के ही हैं। ब्रिटेन में सर्दी शुरू होते ही 40 फीसदी मामले बढ़ गए हैं। यही वजह है कि कोरोना से निपटने के प्रयासों के लिए बने विशेषज्ञ पैनल के प्रमुख वीके पॉल भारत में भी सर्दियों में संक्रमण की दूसरी लहर आने की आशंका जताते हुए कह रहे हैं कि देश बेहतर स्थिति में है लेकिन अभी हमें लंबा रास्ता तय करना है।

भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। जिस प्रकार देशभर में कोरोना को लेकर लापरवाही और बेफिक्री का माहौल देखा जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को त्योहारी मौसम में लोगों से वायरस के प्रति लापरवाही न बरतने की अपील करने के लिए राष्ट्र को सम्बोधित करना पड़ा। उनका सीधा और स्पष्ट संदेश था कि जबतक दवाई नहीं, तबतक ढिलाई नहीं। देशवासियों को चेताते हुए उन्होंने कहा कि सावधानी का परिचय न देने के वैसे ही खतरनाक परिणाम हो सकते हैं, जैसे कई यूरोपीय देशों और अमेरिका में देखने को मिल रहे हैं, जहां कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ने सिर उठा लिया है और इसीलिए प्रतिबंधात्मक उपाय वहां फिर से लागू करने पड़ रहे हैं।

कोरोना को लेकर प्रधानमंत्री को एकबार फिर जनता को इसीलिए सचेत करने के लिए सामने आना पड़ा क्योंकि विभिन्न सरकारी एजेंसियां चेतावनियां दे रही हैं कि अगर पूरी एहतियात नहीं बरती गई तो कोरोना की दूसरी लहर सर्दियों में आ सकती है, जो पहली लहर से ज्यादा भयावह होगी। प्रधानमंत्री ने अपने 12 मिनट के सम्बोधन में लोगों को भीड़ से बचने और दो गज की दूरी अपनाने की हिदायतें दोहरायी लेकिन उनके इस सम्बोधन के बाद सरकारी तंत्र पर कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े हुए हैं। मसलन, क्या कोरोना संक्रमण रोकने के लिए जारी किए जाने वाले तमाम दिशा-निर्देश केवल आम जनता के लिए ही हैं? प्रधानमंत्री को कोरोना प्रोटोकॉल की लगातार धज्जियां उड़ाते रहे राजनीतिक लोगों की जमात के लिए भी कुछ सख्त शब्द बोलने चाहिए थे।

एक तरफ जहां अपने परिजनों के अंतिम संस्कार या वैवाहिक आयोजनों में गिनती के लोगों को शामिल होने की छूट है, वहीं तमाम राजनीतिक दल विभिन्न आयोजनों में सैंकड़ों-हजारों लोगों की भीड़ जुटाते देखे जाते रहे हैं। आम जनता पर कोरोना प्रोटोकॉल का जरा भी उल्लंघन होने पर कानून का डंडा बरस पड़ता है, उन्हें हर कदम पर जुर्माना भरना पड़ता है लेकिन राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को हर बंदिशों से छूट है, उनपर किसी का कोई जोर नहीं। देश में इस समय अजीब माहौल है। एक ओर कोरोना से बचने के लिए बार-बार दो गज की दूरी अपनाने की सलाह दी जाती रही है, वहीं तमाम रेलगाड़ियां, बसें तथा सार्वजनिक यातायात के अन्य साधन बिना सार्वजनिक दूरी का पालन कराए यात्रियों की पूरी क्षमता के साथ दौड़ रहे हैं। आखिर ऐसे में कोई दो गज की दूरी के सिद्धांत को अपनाए भी तो कैसे? बिहार तथा मध्य प्रदेश में चुनावी दौरे में जिस तरह सभी राजनीतिक दलों द्वारा मनमानी भीड़ जुटाई जा रही है, क्या ऐसे में कहीं से भी ऐसा लगता है कि हम उस कोरोना संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं, जिसके लिए प्रधानमंत्री आमजन को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिस समय लोग लॉकडाउन के दौर में घरों में बंद थे, उस दौरान भी रह-रहकर ऐसे दृश्य सामने आते रहे, जब राजनेता खुलकर कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते देखे गए। आम लोग अगर घर से बाहर बगैर मास्क के घूमते दिख जाएं तो फौरन उनपर पांच सौ रुपये का जुमार्ना ठोक दिया जाता है लेकिन राजनेता अगर बिना मास्क लगाए हजारों लोगों की भीड़ भी एकत्रित कर लेते हैं तो उनपर कोई कार्रवाई नहीं, ऐसा क्यों? आखिर कोरोना प्रोटोकॉल आम और खास सभी के लिए समान है, फिर राजनेताओं को इससे छूट क्यों? ऐसे में बेहद जरूरी है कि प्रधानमंत्री नेताओं की उस जमात को भी कड़ा संदेश दें, जो खुद को कानून से ऊपर समझकर कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते रहे हैं।

फिलहाल त्योहारी सीजन में जिस प्रकार लोग कोरोना से पूरी तरह बेफिक्र होकर बगैर मास्क के सार्वजनिक स्थानों पर घूमने लगे हैं, वह आने वाले दिनों में वाकई काफी खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों की तमाम चेतावनियों पर गौर करने के बाद हमें समझ लेना चाहिए कि जब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं आ जाती, तबतक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल सबसे प्रभावी उपाय है। सर्दियों में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ने की जिस तरह की रिपोर्टें आ रही हैं, ऐसे में बेहद जरूरी है कि हम लापरवाही बरतकर अपने साथ-साथ दूसरों को भी मुश्किल में डालने से परहेज करें क्योंकि यदि हमने सामाजिक दूरी और मास्क पहनने जैसी हिदायतों को दरकिनार किया तो संक्रमण का स्तर काफी ऊपर जा सकता है और हालात बिगड़ सकते हैं।

# शीर्षक: प्रश्न आखिर कब तक



नारी अबला है या सबला ?
यह प्रश्न आखिर कब तक
पूछ-पूछ समाज निज का ही
खोते रहेगा सम्मान?
भूत हो ,भविष्य हो या हो वर्तमान
नारी अबला नहीं ,सबला है
रखना सदा यह ध्यान।।
नारी की सबलता तो
ध्रुवतारा-सा अटल सत्य है ।
नारी सृष्टि सृजन कर्ता ,
मत परखो उसकी शक्तियों को,
उसकी क्षमताओं को समझना है
तो पौरुष के मद में चूर पुरुषों से
पूछो धरा पर धारण हुए कैसे है?
हम सबका बोझ उठाने वाली
जीवनदायी पृथ्वी की शक्ति पर
क्या प्रश्नचिन्ह लगाओगे?
प्रकृति की योगदानों को
क्या तुम भूल जाओगे?
नव माह मातृगर्भ के अत्यंत
सुरक्षित कवच-सा कहीं और कोई दूसरी
कवच गढ़ पाओगे?
नर-नारी के भेदभाव में
क्या सभ्य समाज सभ्य बन पाया है?
बेटों को उत्तम स्थान और कुलदीपक का मान देकर
क्या वृद्धाश्रम की संख्या घट पायी है?
बेटियों को परायाधन कहकर भेदभाव के बलिवेदी पर
जो दिन रात बलि चढ़ाया है,
क्या बेटियों के बिन मरणसय्या तक
एकपल भी सुखी जीवन किसी ने पायी है?

**स्वाति पाण्डेय भारती**
**कोलकाता पश्चिम बंगाल**

# सामुदायिक संक्रमण

भारत में केंद्र सरकार ने अंततः कम्युनिटी ट्रांसमिशन को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया। सरकार का कहना है कि पूरे देश में नहीं, पर कुछ जिलों में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति है। वैसे यह विवाद पुराना है। जून की शुरुआत में ही दिल्ली में यह बात सामने आ गई थी कि कोरोना के 50 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में स्रोत का पता नहीं चल रहा है। दिल्ली सरकार ने तब एक तरह से कोरोना के कम्युनिटी ट्रांसमिशन की घोषणा कर दी थी, लेकिन कायदे से यह काम केंद्र सरकार का है और केंद्र ने तब इससे इनकार कर दिया था। अब इस मोड़ पर आंशिक रूप से सामुदायिक संक्रमण को स्वीकार करने का कोई खास मतलब नहीं रह गया है। कोरोना का डर, खतरा भले ही थोड़ा कम हुआ है, लेकिन उसका फैलाव इतना बढ़ गया है कि ज्यादातर मामलों में स्रोत का पता लगाना अब आसान नहीं। अब कोई अगर यह माने कि संक्रमण केवल बाहर से आने वालों को या बाहर से आने वालों से हो रहा है, तो शायद स्वीकार करने में दिक्कत आएगी।

दिल्ली सरकार के बाद केरल और हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सामुदायिक संक्रमण को माना है, शायद इसी दबाव में केंद्र सरकार को भी आंशिक रूप से मानना पड़ा है। हालांकि इस सच को पूरी तरह से स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं। हां, यह सही है, देश के अनेक इलाकों में संक्रमण तेज नहीं है और लोग खतरा महसूस नहीं कर रहे हैं, न फिजिकल डिस्टेंसिंग की पालना हो रही है और न कोई मास्क पहन रहा है, लेकिन वैसे इलाकों में भी कभी न कभी कोरोना का कोई न कोई मामला पहुंचा ही है। किसी को भी यह लग सकता है, पूरे देश में कोरोना का कहर समान रूप से नहीं है, इसलिए संभव है, सामुदायिक संक्रमण की बात तकनीकी स्तर पर न मानी जाए। अव्वल तो अब सरकार या डॉक्टर भी कोरोना संक्रमण की श्रृंखला नहीं देख रहे। जिन इलाकों में ज्यादा मरीज हैं, वहां इस श्रृंखला की पड़ताल और उसे तोड़ने की कोशिश अब पहले जैसी नहीं हो रही है। एक समय था, जब कहीं एक भी मामला सामने आता था, तब उसकी श्रृंखला खोजी जाती थी। श्रृंखला खोजने की बाध्यता से हम शायद मई महीने में ही निकल आए। अनेक मंत्रियों और नेताओं की कोरोना की वजह से मौत हुई है या अनेक बीमार भी हुए हैं, पर शायद उनके मामले में भी कोरोना स्रोत या श्रृंखला की खोज नहीं हो रही है। ऐसे में, सामुदायिक संक्रमण की आंशिक घोषणा औपचारिकता मात्र है। वह न भी हो, तब भी इतिहास में यही लिखा जाएगा कि भारत में कोरोना महामारी फैली थी और अक्तूबर महीने तक ही 75 लाख से ज्यादा लोग कोविड-19 वायरस से संक्रमित हो गए थे।

दुनिया के दूसरे देशों में भी इस बार सामुदायिक संक्रमण पर ज्यादा जोर न देते हुए वायरस के प्रसार को रोकने और इलाज तेज करने की कोशिश हुई है और भारत में भी यही हो रहा है। सरकारें अगर नहीं चाहतीं कि लोगों में कोई दहशत फैले, तो यह गलत भी नहीं है। सरकार के दूसरे कदमों से ही लोगों को महामारी की गंभीरता का अंदाजा लगाना चाहिए। कोरोना से बचने के दिशा-निर्देश एकदम स्पष्ट हैं। हर किसी को इतनी सावधानी तो सुनिश्चित करनी ही चाहिए कि किसी भी सूरत में कोरोना न हो और यह मानकर अपना बचाव करना चाहिए कि कोरोना कहीं भी हो सकता है।

# प्रीत की रीत कान्हा संग



दिल को सिक्को की खनखनाहट
से कभी न तौलना
मुख से कुछ वचनो की
कडवाहट कभी कानो मे न
घुल पाये।
परसो सफल हो हम आज व्यर्थ
गवाये
साँसों के ऋृण की गठरी को
माया संग
उठाये।
कान्हा तेरी प्रीत की मेहंदी भक्ति का
रंग आये। काया बनी माटी की प्रभु
कब व्योम लियो उड़ाये।
आत्म दृश की अभिलाषी ज्योत मे
ज्योत मिलाय।
करूणानिधि मेरी विनती मान लो
तेरी नन्ही लौ बिछडी चिरकाल से
अब चरणों मे लो बिठाये।
सब ह्रदय मे वास तुम्हारा
तेरे सिमरन मे मोह का फंद कभी न आये।

**आकांक्षा रूपा चचरा,वरिष्ठ कवयित्री व शिक्षिका**
**गुरू नानक पब्लिक विद्यालय कटक,ओडिसा**

# विसंगतियों का चुनाव

विधानसभा चुनाव राज्यों के सिर्फ राजनीतिक रुझान का पता नहीं देते, वे उनके सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने, नागरिकों की राजनीतिक जागरूकता और आर्थिक हालात से भी देश-दुनिया को रूबरू कराते हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब सिर्फ सात दिन रह गए हैं। तमाम प्रत्याशी अपने जन-संपर्क अभियान में जुटे हुए हैं, लेकिन इन क्षेत्रों के उम्मीदवारों से जुड़ा एक तथ्य बिहार की विडंबना को गहराई से उजागर कर रहा है। इन 71 सीटों से अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों ने चुनाव आयोग में जो हलफनामा पेश किया है, उसके मुताबिक, 153 उम्मीदवार करोड़पति हैं और वे एक करोड़ से लेकर 53 करोड़ की मिल्कियत के मालिक हैं। दोनों मुख्य गठबंधनों ने बड़ी तादाद में करोड़पतियों में भरोसा जताया है।

# तुम मिलते ही नहीं

मैं ढुंढता हूं तुम्हें
तुम मिलते ही नहीं
जाने कहां रहते हो
तुम दिखते ही नहीं ।
दर ब दर भटक रहा हूं
तेरा दरस पाने को
व्याकुल है मेरा मन
फिर तुम्हें मनाने को ।
जहां भी हो आजा
मुझको दरस देने
यूं ही जाऊंगा नहीं
प्रण किया है मैंने ।
ठंड हो या गर्म हवा
नीर लगे बरसने
रुकेंगे हरगिज नहीं
ओला लगे पड़ने ।
तू पाषाण है अगर
मैं भी मानव हूं
तू बन रहा है कठोर
मैं अतिसुकोमल हूं ।
आराध्य है तू मेरा
मैं भी पुजारी हूं



तू है बाघम्बर पहने
मैं भगवाधारी हूं ।
हे दयानिधे कृपालु
रख ले मेरा मान
नहीं तो तेरा - मेरा
कौन रखेगा मान ।
क्या इतने बुरे हैं
जो दरस देते नहीं
मैं ढुंढता हूं तुम्हें
तुम मिलते ही नहीं ।

**ज्ञानंद चौबे**
**रेणुकूट , सोनभद्र , उप्र**

# लघुकथा - अम्बे माँ का जगराता



हमेशा की तरह हाथ में कपड़ो से भरा हुआ पुराना बैग लिए राजू के पड़ोस की सरोज अम्मा उसके पास से जा रही थी।सरोज रोज के मुकाबले आज बहुत ही खुश नजर आ रही थी।आमतौर पर सरोज के चेहरे पर हमेशा एक मंद मुस्कान दिखाई देती थी।लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर राजू ने उनसे पूछ ही लिया - अम्मा आज तो बहुत खुश नजर आ रही हो।क्या बात है? सरोज हापुड़ के एक सरकारी मकान में काफी समय से अकेले रहती थी।सरोज के पति का जब स्वर्गवास हुआ तब वो एक सरकारी जॉब पर थे।उनका बेटा भी मुजफ्फरनगर में एक बहुत ही अच्छे सरकारी पद पर कार्यरत है और काफी संपन्न है।लेकिन राजू ने देखा की उनका बेटा काफी समय से उनसे मिलने आया नहीं है और ना ही उसने सरोज को कभी अपने बेटे के पास जाते हुए देखा। लेकिन सरोज को देखकर कभी भी नहीं लगता कि सरोज किसी भी वजह से परेशान है।चाहे वह आज इतनी खुश हो या ना हो लेकिन उनके चेहरे पर एक मीठी मुस्कान हमेशा रहती है।अक्सर पड़ोस में चर्चाएं रहती हैं कि इतनी अच्छी सैलरी पर इनका बेटा कार्यरत है।लेकिन सरोज कुछ ना कुछ काम करते हुए अपने आपको हमेशा व्यस्त रखती है।कभी आसपास के दर्जियों के कमीशन बेस पर सूट सलवार या लेडीज कपड़े सिल देना या छोटे बच्चों को ट्यूशन दे देना। हमेशा सरोज को यही कहते पाया है।बेटा पैसे तो बहुत भेजता रहता है।लेकिन मेरा समय ही नहीं कटता है।इसलिए कुछ ना कुछ करती रहती हूँ।जिससे समय कटता रहे।पति के देहांत के बाद लगभग 4 वर्ष से सरोज की यही दिनचर्या है।बेटा अपने सरकारी कामों में इतना व्यस्त रहता है कि कभी आ ही नहीं पाता।लेकिन सरोज के माथे पर कभी भी इस बात की शिकन नहीं आती कि उसका बेटा उससे मिलने नहीं आ पाता। बस उसे तो इसी बात की खुशी है कि वह रोज अपने बेटे और बहु से फोन पर बात कर लेती है। लेकिन आज सरोज के चेहरे पर एक अलग ही खुशी दिख रही है।राजू का सवाल सुनकर सरोज ने राजू को अपने पास बैठा लिया और बड़े ही प्यार से उसे बताया।कल रात पोती जया का फोन आया था।उसने बताया पापा आखरी नवरात्रि वाले दिन जगराता करा रहे हैं। उसने कहाँ अम्मा अब हम आपसे काफी दिनों बाद मिल पाएंगे। जब हम लोग आपको छोड़कर मुजफ्फरनगर आए थे।तब मैं 6 साल की थी।आज पूरे 10 साल की हो गई हूँ।अक्सर आपके उसी लाड प्यार की याद आती है।आप नवरात्रि के बाद जगराते वाले दिन आओगी तो मैं आपको अपने पास से जाने नहीं दूंगी। यह बताते हुए सरोज की आंखों में आंसू आ गए।राजू बेटा, मैं बहुत भाग्यवान हूं जो मुझे ऐसे बेटा-बहू और पोता-पोती मिले हैं।जो मुझसे रोज बात करते हैं। खैर धीरे-धीरे नवरात्रि का समय बीता और आखरी नवरात्रा आ ही गया।नवरात्रि खत्म होने के बाद भी अम्मा को घर पर ही देख कर राजू ने पूछ लिया।अम्मा क्या हुआ आप तो बेटे के पास जाने वाली थी।4 साल से अपने अंदर सारे दुखों को समेटे हुए चेहरे पर हमेशा मुस्कान लिए हुए सरोज से अब रहा नहीं गया और उसकी आंखें छलक आई और सरोज जोर-जोर से रोने लगी। राजू समझ ही नहीं पा रहा था कि क्या हुआ है।हमेशा चेहरे पर मुस्कान लिए रहने वाली सरोज अचानक क्यों रोने लगी।उसने अम्मा को रसोई से पानी लाकर दिया और पानी पिलाने के बाद पूछा , अम्मा क्या बात हो गई? बेटा - बहू सब ठीक है ना,कुछ अपशकुन तो नहीं हुआ है। 4 साल अपने अंदर दुख समेटे सरोज ने आखिर राजू को बताना शुरू किया। बेटा जब से मेरे बेटा-बहू और पोता-पोती मुजफ्फरनगर गए हैं।मुझे कोई भी फोन नहीं करता और मैं अपने घर का मान-सम्मान पड़ोस में बनाये रखने के लिए हमेशा झूठ बोलती रहती हूँ।कि मुझे रोज सबका फोन आता है।तब राजू ने अम्मा से पूछा अम्मा फिर आपको कहाँ से पता चला कि आपका बेटा जगराता करवाने वाला है। सरोज ने कहाँ-बेटा मुजफ्फरनगर जहाँ मेरे बेटा रहता हैं वहीं पड़ोस में मेरे जानने वाले रहते हैं। बस वही लॉबीमुझे उनके बारे में बताते रहते हैं।बेटे ने जगराता करा लिया और अपनी माँ को बुलाया भी नही।लेकिन मुझे इस बात की तसल्ली है कि मेरे बेटा -बहु सब कुशलता से है।माँ जगदंबे से यही अरदास करती हूँ वो उन्हें हमेशा खुश रखे। सरोज ने राजू को सब बता तो दिया लेकिन उन्होंने राजू को कसम दी।कि वह आज की सारी बातों को किसी को नहीं बतायेगा।राजू पूरा घटनाक्रम सुनकर अपने घर की तरफ चल पड़ा।इस घटना के काफी दिनों बाद सरोज पहले की तरह ही हमेशा मुस्कुराते हुए दिखती है।लेकिन अब सरोज की मुस्कुराहट के पीछे छुपे दर्द को वह साफ पहचान लेता है।

**नीरज त्यागी क्रराज**
**ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश ).**



# सामने आई फिल्म राधे की रिलीज डेट

पिछले काफी समय से सलमान खान की आने वाली फिल्म राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई चर्चा में है और फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में सलमान और दिशा पाटनी ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। जानकारी के अनुसार इस साल फिल्म का रिलीज हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में मेकर्स फिल्म राधे को अगले साल रिलीज करने का प्लान बना रहा है। ऐसा भी बताया जा रहा है यह फिल्म 2021 की ईद पर रिलीज हो सकती है। एक रिपोर्ट में सोर्स के आधार पर बताया कि इस हफ्ते सोमवार को सलमान खान ने को-प्रोड्यूसर अतुल अग्निहोत्री, सोहेल खान और निखिल नामित के साथ मिलकर एक मीटिंग की थी। इससे पहले मेकर्स इस फिल्म को रिपब्लिक डे पर रिलीज करने का मन बना रहे थे, लेकिन हाल ही में सिनेमाघरों के खुलने के बाद कम संख्या में पहुंच रहे दर्शकों को देखते हुए इस प्लान कैंसिल कर दिया। मेकर्स ने यह अनुमान लगाया कि अगर यह बिग बजट फिल्म वर्तमान स्थिति में रिलीज होती है इसका बिजनेस 120 करोड़ के आसपास सिमट कर रह जाएगा। ऐसे में मेकर्स ने इस बात को ध्यान में रखते हुए फिल्म को अगले साल 12 मई को रिलीज करने का प्लान बनाया है। वैसे यह परंपरा रही है कि सलमान खान अपनी फिल्म से फैन्स को हर साल ईदी देते हैं। आपको बता दें - फिल्म में सलमान खान के एक्शन सीक्वेंस को बेहतर बनाने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग ली है। सलमान खान की यह फिल्म इस साल ईद के खास मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन महामारी के चलते इसकी शूटिंग और रिलीज डेट को आगे के लिए टालना पड़ा था। इस फिल्म के अलावा सलमान खान अपनी एक और फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की शूटिंग जल्द ही शुरू करने वाले हैं।



# 63 साल के अनिल कपूर ने समंदर किनारे दिखाया शर्टलेस अवतार

अभिनेता अनिल कपूर बॉलीवुड के अकेले ऐसे हीरो हैं जिन्होने अपनी उम्र को मात दे रखी है। अनिल के लिए कहा जाता है कि उनकी उम्र बढ़ने की बजाए घट रही है। 63 साल के अनिल कपूर अपनी फिटनेस से युवाओं को मात देते नजर आते हैं। फिटनेस के मामले में वह कई लोगों की इंसपिरेशन हैं। अनिल कपूर सोशल मीडिया के जरिए अक्सर लोगों को फिटनेस गोल्स भी देते दिखते हैं। एक बार फिर उन्होने कुछ ऐसा ही किया है। इस बार अनिल कपूर ने दिखाया है अपना शर्टलेस अवतार । शर्ट उतार समंदर किनारे वॉक करते अनिक कपूर की मस्कुलर बॉडी देख हर कोई हैरान है।

63 साल के अनिल कपूर इस हद तक फिट हैं कि वह उम्र को पीछे छोड़ जवां लोगों को चुनौती देते दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होने एक कैप्शन में अपनी फिटनेस जर्नी के बारे में भी लिखा है। कैसे पंजाबी परिवार के होने की वजह से वह खाने के शौकिन है लेकिन उन्होने अपना और अपने पूरे परिवार का ध्यान फिटनेस पर रखा है। अनिल लिखते हैं यह पापा प्रचार नहीं करता, बस अपना टॉप उतारता है और बीच पर टहलने निकल जाता है इसके साथ ही वह आगे लिखते हैं हर किसी की कोई ना कोई कमजोरी होती है, मेरा वीक प्वॉइंट है खाना। एक पंजाबी लड़का होने के कारण मैं हमेशा अच्छे खाना का स्वाद चखना चाहता हूं। मैं भूख से ज्यादा खा लेता हूं। लेकिन इस लॉकडाउन में मैने अपने लिए एक नया शार्पर लुक निर्धारित किया था। इस नए लुक के लिए खाने के नए दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। मैने कोशिश की और मैं लड़ा। कभी कभार मैं गिरा भी। लेकिन मैने सीखा कि चेन जितनी टाइट होती है उसके जोड़ उतने ही कमजोर होते हैं। अनिल ने अपनी इस फिटनेस का क्रेडिट अपने परिवार के सदस्यों को भी दिया है। अनिल के मुताबिक उनकी डाइट का बेटे हर्ष और फिटनेस ट्रेनर मार्क ने हमेशा ध्यान रखा है। अनिल के फिट अवतार को देख हर कोई उनकी फिटनेस का कायल हुए जा रहा है, और फैंस से लेकर सेलेब्स तक हर कोई उन्हें बधाई दे रहा हैं। इससे पहले भी अनिल कपूर ने अपनी स्कीपिंग करते कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थीं। जिसके जरिए उन्होने बताया था कि कैसे उन्होने अपनी 10 साल की मेहनत और जुनून से अपने पैरों की एक गंभीर समस्या बिना सर्जरी के ठीक कर ली थी।

# पैतृक गांव की अमिताभ ने कभी नहीं ली सुध



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों बुद्धि और ज्ञान के गेम शो कौन बनेगा करोड़पति के जरिये दर्शकों के सामने हैं। इस गेम शो की शूटिंग के दौरान अक्सर कुछ ना कुछ ऐसा हो जाता है जब बिग बी को अपनी जिंदगी से जुड़े पुराने किस्से याद आ जाते हैं। उन्हें याद कर कभी वह भावुक हो जाते हैं, कभी उनकी आंखे नम हो जाती हैं, तो कभी वह अपनी बातों से लोगों को इंस्पायर करने का काम करते हैं। इस बार केबीसी के मंच से अमिताभ बच्चन ने एक ऐसा ऐलान किया है जिसकी वजह से उनके पैतृक गांव बाबू पट्टी में खुशी का माहौल है। अमिताभ बच्चन पर अक्सर यह इल्जाम लगता रहा है कि उन्होने उत्तर प्रदेश स्थित अपने पैतृक गांव बाबू पट्टी की कभी सुध नहीं ली। लेकिन इस बार केबीसी के स्टेज पर उन्होने यह कहा है कि वह अपने पैतृक गांव बाबू पट्टी के लिए कुछ करना चाहते हैं। वह वहां स्कूल खोलना चाहते हैं। दरअसल, केबीसी की एक कंटेस्टेंट अंकिता ने एक सवाल पर अटकने के बाद वीडियो कॉल ए फ्रेंड लाइफलाइन का उपयोग किया था। इसी वीडियो कॉल के जरिए बिग बी की बातचीत अंकिता के एक रिश्तेदार से हुई। रिश्तेदार ने बिग बी को उनके पैतृक गांव बाबू पट्टी आने का न्यौता दे दिया। बाबू पट्टी का नाम सुनते ही बिग बी के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होने बताया कि वह अपने पैतृक गांव में स्कूल खोलने पर विचार कर रहे हैं और इस बात पर वह अपने परिवार से कुछ ही दिन पहले चर्चा भी कर रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ बच्चन पर यह आरोप लगता रहा है कि उन्होने अपने पूर्वजों के गांव की कभी सुध नहीं ली। जया बच्चन इस गांव में 14 साल पहले आई थीं। जबकि बच्चन परिवार का कोई सदस्य अभी तक इस गांव में नहीं आया है। लेकिन अब अमिताभ बच्चन की इस बात को सुन बाबू पट्टी के लोगों में खुशी का माहौल है। उन्हें अपने गांव के लिए उम्मीद की किरण मिली है।

# दुर्गा पूजा पंडाल में सोनू सूद की मूर्ति लगाई



दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर कोलकाता में एक दुर्गा पूजा समिति ने अपने पूजा पंडाल में सोनू सूद की मूर्ति लगाई है और उन्हें भगवान का दर्जा दिया है. इस पर सोनू ने एक ट्वीट के जरिए आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह उनका अब तक का सबसे बड़ा अवॉर्ड है. कोरोना वायरस महामारी की वजह से देशभर में हुए लॉकडाउन से लोगों को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. इस दौरान सबसे ज्यादा समस्याएं प्रवासी मजदूरों को हुईं, जो अपने गांव घर से दूर बड़े शहरों में काम कर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे. डेली बेसिस पर कमाई करने वाले ऐसे मजदूरों की लॉकडाउन होने के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी और वह पैदल ही 1000-1500 किलोमीटर का सफर तय कर अपने-अपने गांव वापस लौटने लगे. ऐसे में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद से उन मजदूरों का दर्द देखा नहीं गया. जिस तरह से उन्होंने मजदूरों को घर पहुंचाने में मदद की थी, वह वाकई सराहनीय है. बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं होती. सबसे खास बात तो यह है कि सोनू अब भी लोगों की मदद कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर ट्वीट के जरिए जो भी सोनू से मदद मांगता है, सोनू उसकी मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ते. ऐसे में कई लोग सोनू को भगवान का दर्जा देने लगे हैं. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर कोलकाता में एक दुर्गा पूजा समिति ने अपने पूजा पंडाल में सोनू सूद की मूर्ति लगाई है और उन्हें भगवान का दर्जा दिया है. इस पर सोनू ने एक ट्वीट के जरिए आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह उनका अब तक का सबसे बड़ा अवॉर्ड है. रिपोर्ट्स के अनुसार प्रफुल्ला कन्नन वेलफेयर असोसिएशन नाम की पूजा समिति ने जो पंडाल इस साल तैयार किया है, वह प्रवासी मजदूर के थीम पर बेस्ड है. इस दौरान उन्होंने प्रवासी मजदूरों की मदद करने के लिए सोनू सूद को सम्मान दिया है और उनकी एक मूर्ति भी पंडाल में लगाई है. इस पूजा समिति के सदस्य सृंजय दत्ता ने कहा कि समिति ने सोनू सूद की मूर्ति इसलिए लगवाई है, ताकि लोग उनसे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए प्रेरणा ले सके(

# मशहूर एक्टर की धारदार हथियार से हत्या, पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी

कन्नड़ फिल्म एक्टर और राउडी शीटर स्टार सुरेंद्र बंतवाल का निधन हो गया है। एक्टर को बुधवार को उनके अपार्टमेंट में मृत पाया गया । पुलिस के अनुसार सोफे पर पड़े उनके शव पर कई बार चाकू से हमला किया गया था। पुलिस ने हत्या के एंगल से अपनी जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया। शुरूआती जांच के अनुसार, सुरेंद्र की घातक हथियारों से मौत हुई है। पुलिस ने आगे बताया कि बुधवार दोपहर को जब दोस्तों ने उन्हें फोन किया तो कॉल आंसर नहीं हुआ था। सुरेंद्र को खोजते हुए जब वो घर पहुंचे तो उन्हें सुरेंद्र का शव सोफे पर मिला। डॉग स्क्वायड सहित फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का दौरा कर जांच कराई है। बता दें कि सुरेंद्र ने चाली पोललू और एक कन्नड़ फिल्म सवर्णा देरघा सांघी सहित टुल्लू फिल्मों में अभिनय किया था। बता दें सुरेंद्र बंतवाल को 2018 में तलवार चलाने और भाजपा कार्यकताओं को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ करीब 15 आपराधिक मामले थे।



# क्या सैफ अली खान ने 800 करोड़ रुपये में वापस खरीदा था पटौदी पैलेस?

सैफ ने कहा कि यह जायदाद बेशकीमती है। इसकी कीमत लगाना असम्भव है क्योंकि इससे भावनाएं जुड़ी हुई हैं। मेरे दादा-दादी औप पिता यहां दफ़्न हैं। इससे एक सुरक्षा और विश्वास का एहसास जुड़ा है। काफी वक़्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि सैफ अली खान ने अपनी पुश्तैनी जायदाद पटौदी पैलेस एक होटल वापस खरीदा लिया है, जिसके लिए उन्हें 800 करोड़ रुपये चुकाने पड़े थे। सैफ ने अब इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए इन्हें भ्रामक करार दिया है। छोटे नवाब का कहना है कि पैलेस कभी बिका ही नहीं था। सैफ हाल ही में अपने पैलेस में कुछ दिन गुजारकर मुंबई लौटे हैं। उन्होंने मुंबई मिरर से बातचीत में इन खबरों को अतिरंजित बताया। सैफ ने कहा कि यह जायदाद बेशकीमती है। इसकी कीमत लगाना असम्भव है, क्योंकि इससे भावनाएं जुड़ी हुई हैं। मेरे दादा-दादी औप पिता यहां दफ़्न हैं। इससे एक सुरक्षा और विश्वास का एहसास जुड़ा है। यह जमीन कई सदी पुरानी है, लेकिन पैलेस करीब 100 साल पहले मेरे दादा ने मेरी दादी के लिए बनवाया था।वो यहां पर शासन करते थे, लेकिन उसके बाद उपाधियों का दौर खत्म हो गया। समय बदल गया, इसलिए मेरे पिता ने इसे फ्रांसिस और अमन को लीज पर दिया था, जिन्होंने पैलेस में एक होटल तलाया और अच्छे से देखभाल की। वो मेरे लिए परिवार की तरह हैं। मेरी मां की एक कॉटेज है और वो हमेशा आराम से रहीं। सैफ ने बताया कि पैलेस नीमराणा होटल्स को लीज पर दी गयी थी, लेकिन पिता के निधन के बाद इसे वापस लेने की इच्छा हुई, इसलिए जब मौका मिला तो लीज को खत्म करके जो बाकी था, वो चुकाकर अपना घर वापस ले लिया। यह एक आर्थिक समझौता था। मुझे यह वापस खरीदना नहीं पड़ा, क्योंकि यह हमेशा मेरी मिल्कियत थी। फि लहाल पैलेस के कुछ हिस्से फि ल्म शूटिंग के लिए दिये जाते हैं, ताकि इसका रख-रखाव किया जा सके। बता दें कि सैफ अली खान, करीना कपूर खान और तैमूर के साथ अक्सर छुट्टियां बिताने पटौदी पैलेस जाते हैं। करियर की बात करें तो सैफ आदिपुरुष में रावण के किरदार में दिखायी देंगे। इस फि ल्म में प्रभास लीड रोल में हैं, जो राम का है। इसके अलावा बंटी और बबली 2 में भी सैफ एक बार फिर रानी मुखर्जी के साथ दिखेंगे। इस फि ल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और डेब्यूटेंट शरवरी लीड स्टार कास्ट का हिस्सा हैं।

# ऋतिक रोशन की मां पिंकी को हुआ कोरोना

एक्टर ऋतिक रोशन की मां पिंकी रोशन कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं. वे इस समय अपने घर से दूर पति राकेश रोश संग खंडाला में है. बताया जा रहा है कि पिंकी रोशन में कोरोना के कोई लक्षण नहीं है और नियमित योगा करने की वजह से उनकी सेहत स्थिर है. पिंकी रोशन ने एक न्यूज पोर्टल को अपनी सेहत के बारे में विस्तार से बताया है. पिंकी रोशन के मुताबिक उनका पूरा परिवार हर 20 दिन बाद अपना कोरोना टेस्ट करवाता है. पिछले हफ्ते उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है. लेकिन उनके अंदर कोरोना के कोई लक्षण नहीं है. इस बारे में पिंकी रोशन कहती हैं- मेरे अंदर कोई भी लक्षण नहीं है. डॉक्टरों ने बताया है कि योग करने की वजह से मेरी स्थिति कंट्रोल में है. लेकिन 15 दिन तक वायरस मेरे अंदर रहेगा ही. शुक्रवार को मैं एक और टेस्ट करवाने जा रही हूं, उम्मीद करती हूं कि अब निगेटिव आ जाऊं. मालूम हो कि इस समय राकेश रोशन भी अपनी पत्नी संग खंडाला में है. पहले वे पिंकी संग अपने घर आने वाले थे. लेकिन अब जब वे कोरोना पॉजिटिव आई हैं, ऐसे में राकेश रोशन ने अभी कुछ दिन खंडाला में ही रहने का प्लान किया है. वे अभी अपनी पत्नी की रिपोर्ट निगेटिव आने का इंताजर करेंगे. वैसे गुरुवार को पिंकी रोशन अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट कर रही हैं. इस साल वे ज्यादा धूम-धाम से तो नहीं मना पाएंगी, लेकिन परिवार कुछ तैयारी तो कर रहा है. खुद पिंकी ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है. वहीं राकेश रोशन ने भी अपनी पत्नी को बर्थडे विश किया है. हाल ही में पिंकी रोशन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर भी रिएक्ट किया था. उन्होंने कहा था कि लोगों को सच जानना जरूर है, लेकिन सच्चा नहीं बनना है. पिंकी का ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. लोग ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर पिंकी रोशन किस पर निशाना साधने की कोशिश कर रही हैं?





# दीपिका सिंह डांडिया नाइट को कर रही हैं मिस, घर में ही खेलती दिखीं गरबा

छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने सालों दर्शकों के दिलों पर राज किया है। सोशल मीडिया पर भी उन्हें फैंस का भरपूर प्यार मिलता है। दीपिका आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। अपने फैंस से जुड़े रहने का यह सबसे अच्छा तरीका है जिसका इस्तेमाल दीपिका बखूबी करती हैं। दीपिका इन दिनों नवरात्र का त्योहार मना रही हैं। हर रोज वो ट्रेडिशनल वेयर में तस्वीरें शेयर कर रही हैं। दीपिका सिंह ना ही केवल एक बेहतरीन अदाकारा है बल्कि एक ट्रेन डांसर भी हैं। नवरात्रि के अवसर पर दीपिका डांडिया डांस करती हुई नजर आ रही हैं। दीपिका ने चोगाड़ा तारा गाने पर डांस किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए दीपिका ने क्या ऑप्शन में लिखा है - डांडिया के लिए प्यार कौन-कौन डांडिया नाइट मिस कर रहा है? इस वीडियो के अलावा दीपिका ने अपनी इस खूबसूरत ड्रेस में कई सारी तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। दीपिका ऑरेंज और ब्लू कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं और उनकी तस्वीरों को देखकर यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह डांडिया नाइट को कितना मिस कर रही हैं। दीपिका की इस वीडियो को फैंस भी काफी पसंद कर रहे हैं और अपने रिएक्शन सेंड कर रहे हैं। यह तो सभी जानते हैं कि दीपिका सिंह 2011 से 2016 तक दीया और बाती हम में संध्या का किरदार निभा चुकी हैं। इस सीरियल के बाल हर घर में उन्हें संध्या के नाम से जाना जाने लगा था। फिलहाल दीपिका अपने परिवार किस जिम्मेदारियों को निभाने में व्यस्त हैं और वह अक्सर अपने बेटे और हस्बैंड के साथ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।

# परिणीति ने कहा था– सैफ अली खान से करती हूं प्यार




बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा आज अपना 32वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर फैन्स और सेलेब्स उन्हें बर्थडे की बधाइयां दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा की काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है, लेकिन वह सैफ अली खान की सबसे बड़ी फैन हैं। एक बार द कपिल शर्मा शो में उन्होंने कहा था कि वह सैफ अली खान से बहुत प्यार करती हैं और इस बारे में करीना कपूर को भी पता है। दरअसल, परणीति चोपड़ा पिछले साल सिदार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म जबरिया जोड़ी के प्रमोशन के लिए द कपिल शर्मा में पहुंची थीं। फिल्म की कहानी में परिणीति चोपड़ा, सिद्धार्थ को किडनैप कर उनसे शादी करने का प्लान बनाती हैं। इस फिल्म की थीम से जुड़ा एक सवाल कपिल, परिणीति चोपड़ा से पूछते हैं कि अगर रियल लाइफ में मौका मिले तो वह किसके साथ अपनी जबरिया जोड़ी बनाएंगी। इस सवाल के जवाब में परिणीति कहती हैं कि यदि मुझे मौका मिला तो मैं यकीनन सैफ अली खान को किडनैप करना चाहूंगी। मैं उनके साथ अपनी जबरिया जोड़ी बनाना पसंद करूंगी। परिणीति ने आगे कहा कि मैंने सैफ अली खान को हमेशा से बेहद पसंद किया है। मैंने करीना को भी यह बात बताई है और इन्हें इससे कोई कोई प्रॉब्लम नहीं है। परिणीति की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो उनकी फिल्म संदीप और पिंकी फरार बनकर तैयार है। फिल्म में वह अर्जुन कपूर के अपोजिट नजर आएंगी। लॉकडाउन की वजह से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई थी। इसके अलावा उनकी फिल्म द गर्ल ऑन ट्रेन पोस्ट प्रोडक्शन स्टेज पर है। हालांकि, इस फिल्म की अभी तक रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

# बीमारी छुपाई तो नहीं मिलेगा बीमा क्लेम, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह बीमित व्यक्ति कि जिम्मेदारी है कि पॉलिसी लेते समय अपनी सभी बीमारियों और इलाज की जानकारी बीमाकर्ता को दे। ऐसा नहीं करने पर उसे क्लेम से वंचित किया जा सकता है। इस मामले में बीमाकर्ताओं ने एक फार्म दिया जिसमे पूर्व और मौजूदा बीमारियों को लेकर घोषणा थी और पूछा गया था कि क्या उसे ये बीमारियां हैं, साथ ही क्या कभी उसने इन बीमारियां का इलाज करवाया है, लेकिन बीमित व्यक्ति ने सभी कालम को न में भरा। इसका मतलब वह कभी बीमार नहीं था और कभी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ था। उसकी इन घोषणाओं के बाद बीमाकर्ता ने उसे पॉलिसी दे दी। इसके एक माह बाद ही बीमित व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की मां ने बीमा रकम का दावा किया जिसे कंपनी ने ठुकरा दिया और कहा कि जांच में पता चला है जिन बीमारियों से उसके बेटे कि मौत हुई है वह उसे पहले से ही थीं। पीड़ित पेट के विकार से पीड़ित था और उसे कई बार खून की उल्टियां भी हुई थीं। इनके लिए वह अस्पताल से इलाज भी करवा रहा था। पीड़ित की मां ने इस मामले को जिला उपभोक्ता अदालत में उठाया और अदालत ने क्लेम की एक करोड़ रुपए की रकम जारी करने का आदेश दिया। इस मामले में बीमा कंपनी की अपील राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोगों ने भी खारिज कर दी और कहा की मृतक की बीमारी प्राकृतिक थी। इस फैसले को बिना कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी कि अपील स्वीकार कर ली, बीमा कंपनी से कहा कि वह पीड़ित कि मां को अदा कर दी गई रकम वापस नहीं ले क्योंकि वह 80 साल की हैं।




## एलएनजेपी होगा देश का सबसे आधुनिक अस्पताल
## दिल्लीवालों को मिलेगी वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी: केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में बनने वाले 1500 बेड्स के नए चिकित्सा सेंटर का शिलान्यास किया। यह सेंटर 30 माह में बनकर तैयार होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि इस सेंटर के बनने के बाद दिल्ली को वर्ल्ड क्लास मेडिकल सुविधा मिलेंगी। केजरीवाल ने कहा कि अस्पताल के इस ब्लॉक में मरीजों को दुनिया की सबसे अच्छी मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी और यह किफायत भी है। सबसे बेहतरीन मेडिकल इंफ़्रास्ट्रक्चर के साथ प्रति बेड 30 लाख रुपये का खर्च आएगा, जबकि देश के अन्य सरकारी अस्पतालों में 1.3-1.5 करोड़ का खर्चा आता है। अगले 2.5 साल में 1500 बेड जुड़ने से दिल्ली सरकार का अस्पताल 3800 बेड्स के साथ देश में सबसे बड़े अस्पतालों में से एक होगा। इस ब्लॉक में सबसे मॉर्डन मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। दिल्लीवालों को यहां पर वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी मिलेंगी। केजरीवाल ने स्टॉफ को कोविड प्रबंधन में बेहतर काम करने के लिए बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में अभी जितने भी प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, वो सभी प्रोजेक्ट्स समय से पहले खत्म हो रहे हैं और सभी प्रोजेक्ट्स में पैसे भी बच रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदूषण पर चिंता जताई और लोगों से अपील करते हुए कहा कि रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान में शामिल हों। दिल्ली में वाहन के धुएं से सबसे अधिक प्रदूषण हो रहा है।



# रेलवे ने शुरू की बैग ऑन व्हील्स सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली, गाजियाबाद और गुड़गांव से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे जल्द ही बैग ऑन व्हील्स शुरू करने वाला है, जिसके माध्यम से ट्रेनों के आगमन पर रेलवे स्टेशन से उनके सामान को उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। उत्तर रेलवे दिल्ली डिवीजन ने शुक्रवार को भारत में रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध अपनी तरह की पहली सेवा ऐप-बेस्ड बैग ऑन व्हील्स की घोषणा की। जबकि इसका अनुबंध हो गया है, सेवाएं जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार प्रारंभ में, जिस फर्म को अनुबंध प्रदान किया गया है, वह नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, गाजियाबाद और गुड़गांव रेलवे स्टेशनों से उत्तर रेलवे के एक बयान में यात्रियों को अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। जबकि अधिकारियों ने कहा कि इन सेवाओं का लाभ उठाने की लागत नाममात्र होगी, कीमत कवर की जाने वाली दूरी के साथ-साथ सामान के वजन और मात्रा पर निर्भर होगी।

## ट्रंप ने भारत की हवा को बताया गंदा तो भारतीयों का फूट पड़ा गुस्सा, मोदी को किया याद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कमी नहीं देखी, मगर वायु प्रदूष से निपटने में चीन, भारत और रूस पर उचित कदम ना उठाने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति पद के लिए फाइल प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की हवा को गंदा बताया और पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया। नाश्विले के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति पद के चुनाव की अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान ट्रम्प ने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए , भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है। ट्रंप के इस बयान के बाद भारतीयों का गुस्सा फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर न सिर्फ ट्रंप को लोगों ने डेटा के जरिए आइना दिखाया, बल्कि इनके निशाने पर पीएम मोदी भी आ गए और इनसे जवाब मांगा। दरअसल, अमेरिका में फाइनल बहस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खराब हवा को लेकर जैसे ही भारत के खिलाफ बयान दिया, उसके बाद से ही ट्वीटर पर ट्रेंड करने लगा। भारत की हवा को लेकर ट्रंप के बयान पर कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने ट्रंप से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है और कहा कि हाउडी मोदी का परिणाम अब सामने आने लगा है। उन्होंने ट्वीट किया, ट्रंप ने पहले भारत में कोरोना के कारण मौतों को लेकर सवाल उठाए, अब ट्रंप ने कहा कि हवा में भारत गंदगी भेज रहा है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग कहा। यह हाउडी मोदी का परिणाम है।

### सुशांत केस की अनबन भुलाकर महाराष्ट्र और बिहार पुलिस ने मिलकर सुलझाई

# 7 वर्षीय बच्चे की अपहरण की गुत्थी



**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की जांच को लेकर संबंधों में तनाव पैदा होने के बाद महाराष्ट्र और बिहार पुलिस ने तल्खियां भुलाते हुए एक साथ मिलकर मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी के साथ ही एक नाबालिग बच्चे के अपहरण की गुत्थी सुलझ गई है। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत मामले में जब बिहार पुलिस मुंबई जांच करने गई थी तो मुंबई पुलिस के साथ काफी तनातनी देखने को मिली थी। आलम यह रहा था कि बिहार पुलिस को वापस लौटना पड़ा था और मामला सीबीआई को देना पड़ा था।
मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बिहार के चंपारण जिले के गान्हा थाना इलाके से 14 अक्तूबर को सात वर्षीय बच्चे का अपहरण किया गया था। 19 अक्तूबर को उसके परिजनों से फोन पर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। फिरौती न देने पर बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले की जांच के दौरान बिहार पुलिस को पता चला कि फिरौती मांगने के लिए मुंबई के कांदीवली से फोन गया था। इसके बाद बिहार पुलिस ने मुंबई पुलिस से संपर्क किया, जिसकी मदद से मंगलवार को उपनगर कांदीवली से रियासुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कॉल डिटेल रिकॉर्ड से बिहार पुलिस को यह भी पता चला कि वह तीन अन्य लोगों खान मोहम्मद अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी और मुस्लिम अंसारी से लगातार संपर्क में था। तीनों को बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की निशानदेही से अपहृत बच्चे को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के पदरौना थानांतर्गत जंगल के इलाके से छुड़ा लिया गया। पुलिस के अनुसार, बच्चे के अपहरण का षड्यंत्र खान मोहम्मद अंसारी ने रचा था, जो कर्ज में डूबा था और फिरौती के जरिये पैसा हासिल करना चाहता था। सभी आरोपी बच्चे के परिवार के सदस्यों को अच्छी तरह जानते थे। अधिकारी ने कहा कि मुंबई से गिरफ्तार किए गए रियासुद्दीन अंसारी को बुधवार को बिहार पुलिस को सौंप दिया गया।

## पाक सेना और पुलिस के बीच गोलीबारी- हिंसक झड़प, इमरान सरकार में ये क्या हो रहा...कहीं सैन्य तख्तापलट की ओर इशारा तो नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में पुलिस और सेना के बीच हुई झड़प के देश में गृह युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। पुलिस और सेना आमने-सामने आ गए हैं। अब भी दोनों के बीच भीषण गोलीबारी हो रही है। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया ने गंभीर होते हालात को कहीं न कहीं जनता से छिपाने की कोशिश भी शुरू कर दी है। दरअसल, सफदर और उनकी पत्नी पीएमएल-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट की रैली में भाग लेने के लिए कराची आई थीं। इसी दौरान सफदर को उनके होटल के कमरे से गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि जल्द ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पुलिस और सेना के बीच झड़प

पाकिस्तान के कराची में पुलिस और सेना के बीच हुई झड़प में दस जवानों की मौत हो गई है। मरने वालों में सेना के पांच अधिकारी भी शामिल हैं। हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया ने इस खबर को दबाने की पुरजोर कोशिश की है। इंटरनेशनल हेराल्ड के एक ट्वीट के अनुसार कराची में सिंध पुलिस और पाकिस्तानी सेना के बीच हुई गोलीबारी में दस जवानों की मौत हो गई। गोलीबारी के दौरान सिंध के पुलिस अधीक्षक एम आफताब अनवर को हिरासत में ले लिया। हालांकि, कई मीडिया ग्रुप ने अपने ट्विटर हैंडल पर टकराव की सूचना दी है। पाकिस्तान के मुख्यधारा के मीडिया ने इस खबर को जनता से छिपाने की पूरी कोशिश की है। सेना और पुलिस के बीच मामला उस समय तूल पकड़ा, जब 11 विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने कराची में एक विशाल रैली की। इस रैली में सेना की कठपुतली बनी इमरान सरकार और सेना पर जमकर निशाने साधे गए। रैली में जबर्दस्त भीड़ इकट्ठा हुई थी। लंदन से वीडियो लिंक के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी संबोधित किया।

### आईजी सिंध को घर से उठाया

सिंध पुलिस ने ट्वीट कर कहा है कि 18/19 अक्तूबर की रात को सेना के जवानों ने आईजी सिंध मुश्ताक मेहर का अपहरण कर लिया था। उन्हें मोहम्मद सफदर की गिरफ्तारी के आदेश पर दस्तखत करने के लिए मजबूर भी किया था। सिंध पुलिस इन व्यवहार से काफी आहत है, जबकि आईजी ने विरोध दर्ज कराने के लिए अनिश्चितकालीन के लिए छुट्टी पर जाने का फैसला लिया। इतना ही नहीं तीन अतिरिक्त आईजी, 25 डीआईजी, 30 एसएसपी और सिंध के दर्जनों एसपी, डीएसपी और एसएचओ सहित पुलिस के लगभग सभी शीर्ष अधिकारियों ने इसके विरोध में छुट्टी के आवेदन दिए।

### सेना ने जारी किया बयान

सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सेना प्रमुख ने कराची कोर कमांडर को तत्काल घटना की जांच करने और जितनी जल्दी हो सके रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बयान में हालांकि यह नहीं स्पष्ट किया गया है कि उन्होंने किस घटना की जांच कराने को कहा है, लेकिन इससे पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने प्रशासन से सफदर की गिरफ्तारी से जुड़ी घटनाओं की जांच कराने की मांग की थी।

## ट्रंप का आरोप, खराब हवा के लिए कदम नहीं उठा रहे चीन, भारत और रूस

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, भारत और रूस पर दूषित वायु से निपटने के लिए उचित कदम ना उठाने का आरोप लगाते हुए, पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया। नाश्विले के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति पद के चुनाव की अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान ट्रंप ने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए , भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के साथ करीब 90 मिनट चली बहस के दौरान ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन के सवाल पर कहा, इस प्रशासन के अधीन 35 वर्षों की तुलना में उत्सर्जन की स्थिति सबसे बेहतर है। हम उद्योग के साथ अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पेरिस समझौते से मैंने हमें इसलिए अलग किया, क्योंकि हमें खरबों डॉलर खर्च करने थे और हमारे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा था। ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन पर पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए भारत और चीन जैसे देशों पर बार बार आरोप लगाया है और कहा है कि इन देशों में हवा में सांस लेना नामुमकिन है। ट्रंप ने 2017 में अमेरिका को 2015 पेरिस जलवायु समझौते से खुद को अलग कर लिया था। वहीं, बाइडेन ने कहा कि उनके सत्ता में आने पर वह एक बार फिर अमेरिका को इस ऐतिहासिक पेरिस समझौते का हिस्सा बनाएंगे और प्रदूषण के लिए चीन की जवाबदेही तय करेंगे। दूसरी ओर, ट्रंप ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि चीन और भारत जैसे देशों को ही पेरिस समझौते से फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के लिए इन देशों को ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। राष्ट्रपति ने आरोप लगाया, पर्यावरण और ओजोन की बात करें तो हमारी स्थिति काफी बेहतर है। वहीं चीन, रूस, भारत ये सभी देश वायु को दूषित कर रहे हैं। गौरतलब है कि चीन दुनिया को सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है। इसके बाद दूसरे नंबर अमेरिका और फिर इस सूची में भारत और यूरोपीय संघ क्रमश- तीसरे तथा चौथे नंबर पर है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब नयी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में है।

# अपनी नाकामी छिपाने को ट्रंप ने भारत पर मढ़ा दोष? बोले- वहां हवा कितनी गंदी है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, भारत और रूस पर प्रदूषित वायु से निपटने के लिए उचित कदम ना उठाने का आरोप लगाते हुए, पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया। नाश्विले के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति पद के चुनाव की अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान ट्रम्प ने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए , भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है।
डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के साथ करीब 90 मिनट चली बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन के सवाल पर कहा, इस प्रशासन के अधीन 35 वर्षों की तुलना में उत्सर्जन की स्थिति सबसे बेहतर है। हम उद्योग के साथ अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेरिस समझौते से मैंने हमें इसलिए अलग किया, क्योंकि हमें खरबों डॉलर खर्च करने थे और हमारे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन पर पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए भारत और चीन जैसे देशों पर बार बार आरोप लगाया है और कहा है कि इन देशों में हवा में सांस लेना नामुमकिन है। ट्रंप ने 2017 में अमेरिका को 2015 पेरिस जलवायु समझौते से खुद को अलग कर लिया था। वहीं, बाइडेन ने कहा कि उनके सत्ता में आने पर वह एक बार फिर अमेरिका को इस ऐतिहासिक पेरिस समझौते का हिस्सा बनाएंगे और प्रदूषण के लिए चीन की जवाबदेही तय करेंगे। दूसरी ओर, ट्रंप ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि चीन और भारत जैसे देशों को ही पेरिस समझौते से फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के लिए इन देशों को ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। राष्ट्रपति ने आरोप लगाया, पर्यावरण और ओजोन की बात करें तो हमारी स्थिति काफी बेहतर है। वहीं चीन, रूस, भारत ये सभी देश वायु को दूषित कर रहे हैं। गौरतलब है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है। इसके बाद दूसरे नंबर अमेरिका और फिर इस सूची में भारत और यूरोपीय संघ क्रमश- तीसरे तथा चौथे नंबर पर है। डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब नयी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में है।

## पाक के लिए सिरदर्द बन सकती है पुलिस और सेना में टकराव के बाद की हिंसा

नई दिल्ली। सिंध प्रांत में पुलिस और सेना के बीच टकराव के बाद हुई हिंसा और विद्रोह की घटना पाकिस्तान के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हो सकती है। जानकारों का कहना है कि भारत को स्थिति पर नजर रखनी चाहिए। सामरिक मामलों के जानकार और विवेकानंद फाउंडेशन के वरिष्ठ फेलो पीके मिश्रा का कहना है कि सिंध का पुलिस विद्रोह पाक में एक और विभाजन की नींव बन सकता है। इस घटना ने पाकिस्तान सेना और इमरान सरकार दोनों की किरकिरी की है। खासतौर पर जिस तरह से पुलिस ने सेना से मुकाबला किया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस का साथ दिया है वह पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी है। मिश्रा का कहना है कि भारत को इस स्थिति में तटस्थ नही रहना चाहिए। भारत को इस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा जो लोग सेना की मुखालफत कर रहे हैं वे पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। यह पहली बार है जब सेना और पुलिस में आमना सामना हुआ है। अगर सिंध में इमरजेंसी लगाई गई तो आग और भड़केगी।
**मामले को संयुक्त राष्ट्र में उठाए भारत**-सामरिक जानकारों के मुताबिक भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वार में शामिल पाकिस्तान के लिए यह स्थिति बहुत जटिल हो सकती है। भारत को इस मामले को संयुक्त राष्ट्र में उठाना चाहिए कि सिंध प्रांत के लोगों को किस तरह से सेना का इस्तेमाल करके दबाया जा रहा है।



## रूस के हैकरों ने अमेरिका, स्थानीय नेटवर्कों को बनाया निशाना:अमेरिकी अधिकारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के अधिकारियों ने गुरूवार को कहा कि रूस के हैकरों ने कम से कम दो सर्वर से डेटा चुराया और देश एवं स्थानीय सरकारों के दर्जनों नेटवर्क को निशाना बनाया। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से दो सप्ताह से भी कम समय पहले जारी इस चेतावनी ने मतों के साथ संभावित छेड़छाड़ की आशंका को बढ़ा दिया है और परिणामों की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। चेतावनी में हाल में रूस द्वारा प्रायोजित हैकिंग समूहों की देश और स्थानीय नेटवर्क के खिलाफ गतिविधियों का जिक्र है। अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार रात को एक संवाददाता सम्मेलन में ईरानी हस्तक्षेप को लेकर आगाह किया था। इसके बाद एफबीआई और गृह सुरक्षा विभाग की साइबर सुरक्षा एजेंसी का परामर्श रूस की संभावित क्षमताओं को रेखांकित करता है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि रूसी हैकरों ने किसे निशाना बनाया। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें हैकरों के इस प्रयास के कारण चुनाव या सरकारी कार्यों के प्रभावित होने या चुनावी डेटा की अखंडता को खतरा पहुंचने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# पाकिस्तान में क्यों हो गए गृह युद्ध जैसे हालात?

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में पुलिस और सेना के बीच हुई झड़प के देश में गृह युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। पुलिस और सेना आमने-सामने आ गए हैं। अब भी दोनों के बीच भीषण गोलीबारी हो रही है। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया ने गंभीर होते हालात को कहीं न कहीं जनता से छिपाने की कोशिश भी शुरू कर दी है। दरअसल, सफदर और उनकी पत्नी पीएमएल-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट की रैली में भाग लेने के लिए कराची आई थीं। इसी दौरान सफदर को उनके होटल के कमरे से गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि जल्द ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।
**आईजी सिंध को घर से उठाया**-सिंध पुलिस ने ट्वीट कर कहा है कि 18/19 अक्तूबर की रात को सेना के जवानों ने आईजी सिंध मुश्ताक मेहर का अपहरण कर लिया था। उन्हें मोहम्मद सफदर की गिरफ्तारी के आदेश पर दस्तखत करने के लिए मजबूर भी किया था। सिंध पुलिस इन व्यवहार से काफी आहत है, जबकि आईजी ने विरोध दर्ज कराने के लिए अनिश्चितकालीन के लिए छुट्टी पर जाने का फैसला लिया। इतना ही नहीं तीन अतिरिक्त आईजी, 25 डीआईजी, 30 एसएसपी और सिंध के दर्जनों एसपी, डीएसपी और एसएचओ सहित पुलिस के लगभग सभी शीर्ष अधिकारियों ने इसके विरोध में छुट्टी के आवेदन दिए।
**सेना ने जारी किया बयान**-सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सेना प्रमुख ने कराची कोर कमांडर को तत्काल घटना की जांच करने और जितनी जल्दी हो सके रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बयान में हालांकि यह नहीं स्पष्ट किया गया है कि उन्होंने किस घटना की जांच कराने को कहा है, लेकिन इससे पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने प्रशासन से सफदर की गिरफ्तारी से जुड़ी घटनाओं की जांच कराने की मांग की थी।
**मंत्री ने ही कराया था सिंध के आईजी का अपहरण**- पाकिस्तान के आतंरिक मामलों के मंत्री ब्रिगेडियर इजाज शाह पर आरोप है कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ के दामाद सफदर अवान की गिरफ्तारी के लिए सिंध पुलिस प्रमुख पर दबाव डालना और उनका अपहरण इजाज शाह के दिमाग की उपज है। उन्होंने पुलिस अधिकारी के अपहरण मामले में पाकिस्तानी रेंजर्स का बचाव किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में किसी भी राजनेता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्रीय संस्थानों को निशाना बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।



**सेना के हस्तक्षेप पर बरसे मौलाना फजलुर रहमान**-मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि पूरे मुल्का का नियंत्रण सेना ने संभाला हुआ है। हर जिले, तहसील और डिविजन पर सेना का आदमी बैठा है। पूरा सूबा सेना चला रही है। एपेक्स कमिटी बनी है, जिसमें एक फौजी अफसर होता है, उसके सामने एसपी, कमिश्नर सब बेबस नजर आते हैं। आम नागरिकों की मदद के कानून के नाम पर पाकिस्तानी सेना कब्जा कर चुकी है। मेरी मांग है कि फौज सभी नागरिक जिम्मेदारियों से हटे।
**दो हल्के सैन्य तख्तापलट हो चुके हैं**-पाकिस्तान में वर्ष 2008 से जनता की सरकार है, लेकिन अब तक दो हल्के सैन्य तख्तापलट हो चुके हैं। इसमें वर्तमान समय में सिंध में चल रहा विरोध शामिल है। इस समय सिंध में पुलिस और सेना आमने-सामने है।

# सिडनी से ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत करेगी भारतीय टीम



**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत सिडनी से करेगी। भारतीय टीम को पहले इस दौरे की शुरूआत ब्रिस्बेन से करनी थी पर क्वींसलैंड राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाहर से आने वालों को 14 दिवसीय पृथकवास अवधि के दौरान अभ्यास की अनुमति देने से इंकार कर दिया। ऐसे में भारतीय टीम को अब सिडनी में ठहराया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम को यहां पृथकवास के दौरान अभ्यास का अवसर भी मिल सकता है। सिडनी क्रिकेट मैदान छह सीमित ओवरों के मैचों (तीन एकदिवसीय एवं तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला) में से चार की मेजबानी करेगा। वहीं कैनबरा का मनुका ओवल बाकी दो मैचों की मेजबानी कर सकता है। न्यू साउथ वेल्स राज्य के खेल मंत्री स्टुअर्ट आयरस ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारतीय टीम के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी अपने अनिवार्य पृथकवास के दौरान अभ्यास की अनुमति देने का अनुरोध किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीए ने भारतीय क्रिकेट टीम के अलावा स्वदेश लौटने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के पृथकवास को लेकर न्यू साउथ वेल्स सरकार से संपर्क किया है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य और पुलिस सहित एनएसडब्ल्यू अधिकारियों द्वारा उस प्रस्ताव का आकलन किया जा रहा है। भारतीय दौरे के लिए कार्यक्रम सीए द्वारा निर्धारित किया जाएगा जो पृथकवास प्रस्ताव के हमारे आंकलन को प्रभावित नहीं करेगा। सीए और एनएसडब्ल्यू राज्य सरकार अगर किसी सहमति पर पहुंचते हैं तो सीए उसे बीसीसीआई की सहमति के लिए भेजेगा।

**पृथकवास के दौरान मिल सकता है अभ्यास का अवसर**

## आईपीएल 2020: सीजन का 41वां मैच आज शारजाह में खेला जाएगा

# अब रोहित के सामने कमजोर चेन्नई की चुनौती, लय हासिल करना चाहेगी मुंबई

- चैन्नई सुपर किंग्स के पास अंतिम अवसर
- युवा खिलाड़ियों को मौका दे सकती है
- हारे तो पूरी तरह से बाहर हो जाएगी टीम

शारजाह ■ एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स का इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में अभियान बद से बदतर होता जा रहा है और शुक्रवार को शारजाह में होने वाले मुकाबले में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ उम्मीद है कि वह अपने कुछ युवा खिलाड़ियों को आजमाए। हालांकि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद स्वीकार किया कि सत्र उनके लिए शायद खत्म हो चुका है लेकिन टीम अगर अपने बचे हुए चारों मैच जीत ले तो भी वह 14 प्वॉइंट्स हासिल कर सकती है जिससे उन्हें अगर-मगर से प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका मिल सकता है।

मुंबई इंडियंस लगातार पांच मैचों में जीत के बाद शानदार लय में थी लेकिन किंग्स इलेवन पंजाब ने उसकी इस लय को तोड़ दिया और रविवार की रात दो सुपर ओवर में जीत हासिल की। चार बार की आईपीएल चैम्पियन शानदार फॉर्म में हैं और गेंदबाजी आक्रमण में वैरिएशन की मौजूदगी से वह चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं जिनका आत्मविश्वास वैसे ही गिरा हुआ है। शारजाह पर विकेट के धीमा होने से चीजें बदलती हुई दिख रही हैं। साथ ही मुंबई इंडियंस के लाइन में क्विंटन डिकॉक अच्छी फॉर्म में हैं जबकि रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन ने भी अच्छा किया। इतना ही नहीं कीरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या की 'पावर हिटिंग' ने भी तब मुंबई को बचाया जब उसके बड़े खिलाड़ी नहीं चले। क्रुणाल पांड्या ने भी कुछ अहम योगदान दिया और लेग स्पिनर राहुल चाहर के साथ कसी गेंदबाजी की।




**दोनों टीमों की संभावित खिलाड़ी**

| चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई इंडियंस |
| --- | --- |
| सैम करन, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, अंबाती रायुडू, महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रविंद्र जडेजा, केदार जाधव, जोश हेजलवुड, कर्ण शर्मा, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर। | रोहित शर्मा, क्विंटन डिकॉक, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, कीरोन पोलार्ड, हार्दिक पांड्या, क्रुणाल पांड्या, जेम्स पैटिंसन, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह। |

## आरसीबी की जीत से सीएसके सनराइजर्स और पंजाब की उम्मीदें जगीं





आईपीएल के इस 13वें सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हुए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की जीत ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ ही किंग्स इलेवन पंजाब, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की उम्मीदें फिर जगा दी हैं। दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस का प्ले ऑफ में पहुंचना लगभग तय लग रहा है। दिल्ली और बैंगलोर के 14-14 अंक हैं, जबकि मुंबई के अभी 12 अंक हैं। मुंबई ने अभी सिर्फ 9 मैच खेले हैं। मुंबई को अभी 5 मैच और खेलने हैं। ऐसे में ये तीनों टीम कम से कम दो से तीन मैच जीत कर प्ले में स्थान तय कर सकती है। वही केकेआर को अभी 4 मैच और खेलने हैं। फिलहाल केकेआर के खाते में 10 अंक है पर आरसीबी के हाथों करारी हार के बाद केकेआर का नेट रनरेट माइनस में पहुंच गया है। ऐसे में केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी बचे मैच जीतने होंगे। ऐसे में बाकी बचे 4 और मैच जीत कर केकेआर टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर सकती है। 10 मैचों से 8 अंकों के साथ राजस्थान की टीम छठे नंबर पर है। 9 मैचों में से 6 हार के बाद हैदराबाद की टीम सातवें नंबर पर है। हैदराबाद के खाते में 6 अंक हैं। इन दोनों को भी बाकी बचे सारे मैच जीतने होंगे। वही अब कोई चमत्कार ही सीएसके टीम को प्ले ऑफ में पहुंचा सकता है। सीएसके की टीम इस बार आखिरी पायदान पर है उसके खाते में फिलहाल 6 अंक हैं। उसके बाकि सभी मैच जीतने होंगे और अन्य सभी टीमों की हार की उम्मीद करनी होगी।

### न्यूज़ ब्रीफ




## मुझे नहीं पता कि मैं अंतिम ग्यारह में कब खेलूंगा : इमरान ताहिर

**दुबई।** लेग स्पिनर इमरान ताहिर को इस सीजन में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने एक भी मैच नहीं खिलाया है। ताहिर आईपीएल 2020 में ड्रिंक्स ही पिलाते नजर आये हैं। भारतीय ऑफ स्पिनर और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी आर अश्विन ने जब उनसे इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वो भी नहीं जानते कि आखिर वो कब खेलेंगे। ताहिर ने अश्विन से बातचीत के दौरान कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं अंतिम ग्यारह में कब खेलूंगा। अगर एक बार टीम में चार विदेशी खिलाड़ी सेट हो जाते हैं तो पांचवें की जगह मुश्किल से बन पाती है। पिछले सत्र में डुप्लेसी भी पानी पिलाते नजर आए थे, उन्हें ऐसा करते देख मुझे काफी दुख हुआ था। डुप्लेसी की टी20 में जबर्दस्त बल्लेबाजी औसत है। मुझे अंदाजा है कि उन्हें कैसा लग रहा होगा। ताहिर का ये बयान सीधे तौर पर सीएसके पर कटाक्ष भी है। ताहिर भी टी20 के अच्छे गेंदबाज माने जाते हैं। वो भी डुप्लेसी की तरह एक मैच विजेता हैं और इस सत्र में ताहिर साथी खिलाड़ियों को पानी पिला रहे हैं। ताहिर ने हाल ही में कहा था कि पिछले सीजन में कई खिलाड़ी उन्हें पानी पिलाते थे और अब इस बार उनकी बारी है।

## करारी हार से कोलकाता नाईट राइडर्स का मनोबल गिरा: मैक्कलम

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच ब्रैंडन मैक्कलम ने माना है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करारी हार से टीम के मनोबल गिरा है। मैक्कलम के अनुसार इसके बाद भी टीम इस झटके से उबरकर फाइनल में जगह बनाने में सक्षम है। आरसीबी के खिलाफ आठ विकेट की हार के बाद मैक्कलम ने कहा, 'इससे हमारा आत्मविश्वास थोड़ा प्रभावित होगा पर हमें यह तय करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी कि हमारा मनोबल नहीं गिरे और साथ ही बात करनी होगी कि किस तरह हम अपने प्रदर्शन को बेहतर कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, ' मेरा अब भी मानना है कि हमारी टीम फाइनल में जगह बना सकती है। केवल हमें बस थोड़ा सुधार करना होगा।' मैक्कलम ने कहा, 'हम अब भी टूनार्मेंट में चौथे स्थान पर हैं जो हमारे लिए भाग्यशाली है। किस्मत अब भी हमारे हाथ में है। हमें बस उन विभागों में बेहतर करना होगा जहां आज हम कमजोर थे और तय करना होगा कि हम अपने प्रदर्शन को ठीक करें।'

## विकेट धीमा होने से गेंदबाजों को लाभ मिला: राहुल चाहर

**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर राहुल चाहर ने कहा है कि यूएई में उन्हें धीमी विकेट का लाभ मिला है। इसी कारण वह बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफल रहे हैं। चाहर ने नौ मैचों में 7.40 के औसत से 11 विकेट लिए हैं। जब उनसे यूएई से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की तुलना करने के बारे में पूछा गया तो चाहर ने कहा, शुरूआती मैचों में हमें लगा कि यहां का विकेट बल्लेबाजों के लिये आसान है। वहीं अब विकेट धीरे धीरे धीमा हो रहा है इसलिये मुझे अपनी लेंथ में कुछ तालमेल बिठाना पड़ा। चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वानखेड़े में एक स्पिनर को शार्ट गेंदें फेंकनी पड़ती है लेकिन हम यहां फुल लेंथ गेंदबाजी कर रहे हैं क्योंकि मैदान काफी बड़े हैं और पिचें थोड़ी धीमी हैं, तो हम फुल लेंथ गेंद फेंक सकते हैं और बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं। चाहर के अनुसार कलाई के स्पिनर ज्यादा सफल हैं क्योंकि वे मैदान बड़े होने से आजादी से गेंदबाजी कर सकते हैं जिसका उदाहरण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के चहल को मिला है।

# पियाजियो इंडिया ने वेस्पा-अप्रिलिया पर आकर्षक ऑफरों के साथ फेस्टिव सीजन का आरंभ किया

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पियाजियो इंडिया ने अपने वेस्पा एवं अप्रिलिया उत्पादों पर स्पेशल सीजन बेनेफिट्स व ऑफर्स की घोषणा की। जश्न व रोशनी के त्योहारों की शुरूआत के साथ फेस्टिव सीजन के लिए ये नए ऑफर अभी से शुरू होकर 16 नवंबर, 2020 तक चलेंगे। इस दौरान ग्राहक देश में विभिन्न डीलरशिप्स से वेस्पा व अप्रिलिया पर 10,000 रु. तक के फायदे प्राप्त कर सकते हैं। इनमें वेस्पा का फेसलिफ्ट बीएस6 एवं अप्रिलिया बीएस6 श्रृंखला शामिल है। इस फेस्टिव ऑफर में 7000 रु. तक का इंश्योरेंस बेनेफिट, 4000 रु. मूल्य तक की कॉम्प्लिमेंटरी एक्सेसरीज तथा 2000 रु. का ईकॉमर्स बुकिंग बेनेफिट शामिल है। इसके अलावा दशहरा व दीवाली पर खरीद करने वाले ग्राहकों को पहले साल मुफ्त सर्विस लेबर एवं 5 सालों की वॉरंटी मिलेगी, जिसमें 2 साल के लिए फ्री रोड साईड असिस्टेंस शामिल है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को प्रीमियम इटैलियन डिजाईन व इंजीनियरिंग का अनुभव प्रदान करना है। वेस्पा वीएक्सएल एवं एसएक्सएल श्रृंखला मुख्य विशेषताएं, जैसे प्रौद्योगिकी की दृष्टि से उन्नत मोनोकोक फुल स्टील बॉडी, वाईब्रैंट हाई डेफिनिशन 3 कोट बॉडी कलर्स, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम या ट्विन पॉट कैलिपर डिस्क ब्रेक के साथ कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम प्रदान करती है। यह नई श्रृंखला बीएस6 मापदंडों का अनुपालन करती है तथा क्लीन एमिशन 3 वॉल्व टेक्नॉलॉजी फ्यूल इंजेक्शन इंजन शानदार परफॉर्मेंस प्रदान करता है। परफॉर्मेंस एवं एफिशियंसी को ध्यान में रखकर इस नई लाईफस्टाईल स्कूटर श्रृंखला में चौड़े टायरों के साथ पेटल डिजाईन अलॉय व्हील्स हैं, जो राईडर को आराम व सॉफिस्टिकेशन प्रदान करते हैं। इसके अलावा नए 2020 वेस्पा फेसलिफ्ट वीएक्सएल एवं एसएक्सएल श्रृंखला को सबसे खास बनाने के लिए ये क्रिस्टल इलुमिनेशन एलईडी हैडलाईट, सेंटर इंटीग्रेटेड डे टाईम रनिंग एक्स्ट्रा ब्राईट बीम लाईट, यूएसबी मोबाईल चार्जिंग पोर्ट एवं बूट लाईट से युक्त हैं।



**फुटबॉल** मैनचेस्टर में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में गोल रोकने का प्रयास करते हुए एफसी पोर्टो के गोलकीपर।



# सीएचआरओ का बयान: कैंपस के जरिए 12 हजार फ्रेशर्स की भर्ती करेगी एचसीएल




- चालू वित्त वर्ष में अब तक 3000 फ्रेशर्स को जॉइन कराया
- आने वाली दो तिमाही में 9 हजार को और जॉइन कराया जाएगा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एचसीएल टेक ने कहा है कि वह वित्त वर्ष 2022 के लिए करीब 12 हजार फ्रेशर्स की भर्ती करेगी। यह भर्ती कैंपस के जरिए की जाएगी। एचसीएल के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर वीवी अप्पाराव का कहना है कि मांग बढ़ने और कई डील के पाइपलाइन में होने के कारण यह भर्ती की जा रही है। अप्पाराव का कहना है कि अभी हम इस हायरिंग में आने वाली लागत आंक रहे हैं। इसके लिए हम एक समीक्षा प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। आने वाले चार हफ्तों में इस पर अंतिम फैसला हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगले साल के लिए होने वाली यह भर्ती इस साल से कम नहीं होगी। हम अगले साल के लिए 10 से 12 हजार लोगों की भर्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष में कंपनी अब तक 3 हजार फ्रेशर्स को ज्वाइन करा चुकी है। अन्य 9 हजार फ्रेशर अगली दो तिमाही में जॉइन कर लेंगे।

### टीएसएस-इंफोसिस 56,500 फ्रेशर्स की हायरिंग करेंगी

एचसीएल की तर्ज पर टेक्नोलॉजी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस भी वित्त वर्ष 2021 में संयुक्त रूप से 56,500 फ्रेशर्स की हायरिंग करेंगी। इसमें टीसीएस 40 हजार फ्रेशर्स की हायरिंग करेगी तो इंफोसिस 16500 फ्रेशर्स की हायरिंग करेगी। हालाकि, कई आईटी कंपनियों ने कोरोनावायरस के कारण पैदा हुई अनिश्चितता के चलते चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हायरिंग रोक दी थी। इस कारण पहली तिमाही में आईटी कंपनियों में 9 हजार हायरिंग की कमी दर्ज की गई।

### दूसरी तिमाही में बढ़ा कारोबार

कई डील के पाइपलाइन में होने के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आईटी कंपनियों का कारोबार प्री-कोविड स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी तिमाही में टीसीएस ने 8.6 बिलियन डॉलर की डील साइन की है। वही इंफोसिस ने 3.15 बिलियन डॉलर की डील साइन की हैं। इसी तरह से एचसीएल ने सितंबर में समाप्त हुई तिमाही में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 20 फीसदी ज्यादा डील की है। अप्पाराव का कहना है कि कंपनी आने वाली तिमाही में ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट लेने पर फोकस कर रही है। न्यू एज टेक्नोलॉजी और जेनेरिक स्किल्स की जरूरत को देखते हुए टेक्नोलॉजी कंपनियां लेटरल हायरिंग की भी योजना बना रही हैं।

# देश के 43 प्रतिशत स्टार्टअप्स और एमएसएमई महिला कर्मी भर्ती करेंगे

**नई दिल्ली।** नौकरी की तलाश कर रहीं महिलाओं के लिए स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझौले (एमएसएमई) उद्योग नई सौगात लेकर आने वाले हैं। अगले छह माह में इन क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियां जमकर नौकरियां देने की तैयारी कर रही हैं जिनमें ज्यादातर हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। लोकलसर्किल की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। सर्वे के अनुसार पिछले आठ माह में देश के कई स्टार्टअप और एमएसएमई को बंदी का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी गई, जिनमें महिलाएं भी थीं। लेकिन अब अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे सुधार होने से कंपनियां फिर से बहाली करने वाली हैं। सर्वे में शामिल सात हजार कंपनियों और उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि अगले छह माह में वह भर्तियों की योजना बना रही हैं।

नए नियम से हो रही थी परेशानी

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017 में मातृत्व अवकाश लाभ पर नए सख्त नियम ने कंपनियों को मुश्किलों में डाल दिया। इसमें मातृत्व अवकाश को तीन माह से बढ़ाकर छह माह कर दिया गया। इसकी वजह से कंपनियों को महिलाओं को नौकरी पर रखना खर्चीला लगने लगा था। ऐसे में कंपनियों ने महिलाओं की नियुक्ति को कम कर दिया था।

**वर्क फ्रॉम होम ने दिया नया अवसर**-कोरोना संकट में भले ही लाखों की संख्या में लोगों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा लेकिन इसने घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की नई संस्कृति दे दी है। सर्वे में कहा गया है कि वर्क फ्रॉम होम से कंपनियों को नया अवसर दिखने लगा है और महिलाओं के लिए यह ज्यादा सुविधाजनक है। ऐसे में कंपनियों वर्क फ्रॉम होम वाले काम के लिए महिलाओं को अधिक तरजीह देंगी।



**कोरोना ने बढ़ाई चुनौतियां**-सर्वे में शामिल प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले आठ माह बेहद कठिन रहे हैं। इसमें 25 फीसदी एमएसएमई और स्टार्टअप ने कहा कि उनका कारोबार बंद हो गया। जबकि 15 फीसदी ने कहा कि पिछले आठ माह में उन्हें 50 फीसदी नौकरियां कम करनी पड़ी हैं। जबकि 19 फीसदी ने कहा कि उन्हें 25 से 50 फीसदी तक नौकरियां घटानी पड़ी हैं।

**क्या कहता है डब्ल्यूएचओ**-इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक 35 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 41 फीसदी महिलाएं महामारी के दौरान काम खोने के रिस्क वाले सेक्टर्स में काम कर रहीं थीं। जब पश्चिम अफ्रीका से इबोला के बाद क्वारैंटाइन उपाय हटाए गए, तो महिलाओं की जीवनस्तर सुधारने की रफ्तार पुरुषों के मुकाबले काफी कम थी। महिलाओं को फिर से लोन लेकर बिजनेस शुरू करने में काफी वक्त लगा। भारत में 2005 से 2018 के बीच महिला श्रमिकों की साझेदारी 32 से घटकर 21 प्रतिशत पर आ गई है। हालांकि इस दौरान पुरुषों का आंकड़ा भी गिरा है, लेकिन महिलाओं की तुलना में यह काफी कम है।

## शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत, सेंसेक्स 40700 के पार खुला, निफ्टी 12000 के करीब



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार ने आज हरे निशान के साथ कारोबार की शुरुआत की। शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 169 अंकों की तेजी के साथ 40,728.39 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी की शुरुआत भी हरे निशान के साथ हुई। निफ्टी आज 11,957.90 के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 68 अंकों की बढ़त के साथ 11964 और सेंसेक्स 214.87 अंकों की उछाल के साथ 40,773.36 के स्तर पर था।

**गुरुवार का हाल**-शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर गुरुवार को विराम लग गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक में गिरावट के साथ बीएसई सेंसेक्स 149 अंक टूटकर बंद हुआ।सेंसेक्स 148.82 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,558.49 पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 41.20 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,896.45 अंक पर बंद हुआ।

## कोरोना वैक्सीन का परीक्षण कर रहे डॉ. रेड्डीज पर हुआ साइबर हमला

नई दिल्ली। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने गुरुवार को कहा कि उसने एक साइबर हमले के बाद सभी डेटा केंद्रों की सेवाओं को बंद कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने साइबर हमले की पहचान किए जाने के बाद बचाव के कदम उठाने के लिए ऐसा किया है। कंपनी के सीआईओ मुकेश राठी ने कहा, हम 24 घंटे के भीतर सभी सेवाओं के शुरू हो जाने का अनुमान कर रहे हैं। हमें इस घटना के कारण हमारे परिचालन पर कोई उल्लेखनीय असर होने की आशंका नहीं है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही डॉ. रेड्डीज को भारत सरकार के ड्रग कंट्रोलर जनरल से कोरोना के लिए रूसी टीके के भारत में दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण की इजाजत मिली है। इस साइबर अटैक की खबर आने के बाद बीएसई पर डॉ. रेड्डीज के शेयर करीब 4 फीसदी टूटकर 4832 रुपये पर पहुंच गए। हालांकि, बाजार बंद होने तक कंपनी के शेयर में सुधार आकर मामूली 0.35 फीसदी टूटकर 5,029.15 पर बंद हुआ। कंपनी की ओर से शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में बताया कि साइबर हमले को देखते हुए उसने अपने सभी डेटा सेंटर को आइसोलेट कर दिया है। डॉ. रेड्डीज के भारत, रूस, ब्रिटेन, अमेरिका और ब्राजील में कारखाने हैं। कंपनी के डेटो केंद्रो पर साइबर हमला बुधवार की रात करीब 2.30 बजे हुआ।

विधानसभा उप निर्वाचन-2020

# प्रेक्षक संजय सिन्हा ने लिया ईवीएम कमीशनिंग का जायजा

**ग्वालियर।** जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिये उपयोग में लाई जाने वाली इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) व वीवीपैट तैयार करने (कमीशनिंग) का काम शुक्रवार से शुरू हुआ।

## मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था भी देखी, एमएलबी कॉलेज में विधानसभा क्षेत्रवार हो रहीं हैं मतदान मशीनें तैयार

विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम की तैयारी एमएलबी कॉलेज में की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर व 16-ग्वालियर पूर्व के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा ने शुक्रवार को एमएलबी कॉलेज पहुँचकर ईवीएम कमीशनिंग (तैयारी) का जायजा लिया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए ईवीएम के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के साथ-साथ मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए की जा रही तैयारियों को भी देखा।

प्रेक्षक श्री सिन्हा द्वारा किए गए निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, एसडीएम झाँसी रोड़ श्री अनिल बनवारिया तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। ईवीएम कमीशनिंग का जायजा लेने विभिन्न राजनैतिक



दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी पहुँच रहे हैं। ईवीएम की तैयारी के तहत मतदान में उपयोग में लाई जाने वाली हर मशीन पर विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्याशियों के हिसाब से मत पत्र लगाए जा रहे हैं। साथ ही बैटरी लगाकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों की मौजूदगी में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी कराया जा रहा है। इसके बाद मशीन का सभी डाटा क्लीयर कर मशीन स्विच ऑफ कर दी जा रही हैं। मतदान के लिये पूर्णतः तैयार हो चुकीं सभी ईवीएम स्ट्रॉंग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी जा रही हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के लिये रिजर्व रूप से भी ईवीएम तैयार कराई जा रही हैं। ज्ञात हो जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 1188 मतदान केन्द्र हैं। इनमें से विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर में 409, ग्वालियर पूर्व में 447 एवं विधानसभा क्षेत्र डबरा (अजा.) में 332 मतदान केन्द्र हैं। जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-15 ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा.) में उप निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार जिले में 3 नवम्बर को मतदान और 10 नवम्बर को मतगणना होगी।



## उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में कलेक्टर ने बुलाई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक

**ग्वालियर।** उच्च न्यायालय द्वारा चुनावी सभाओं के संबंध में निर्धरित की गई प्रक्रिया के बारे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने वर्चुअल चुनावी सभा एवं वर्चुअल सभा न हो सकने की स्थिति में मौके पर होने वाली सभा की अनुमति की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी सभा की अनुमति प्राप्त करने के लिये संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार को मास्क व सेनेटाइजर वितरण एवं सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर बैठक व्यवस्था करने के संबंध में अग्रिम राशि बतौर सिक्योरिटी जमा करनी होगी। सभा में शामिल होने वाले लोगों को मास्क एवं सेनेटाइजर अनिवार्यतः वितरित करने होंगे। साथ ही इसकी वीडियोग्राफी भी करानी होगी। कोविड संक्रमण से बचाव के लिये मास्क व सेनेटाइजर वितरण व अन्य इंतजाम प्रमाणित न होने पर सिक्योरिटी राशि राजसात कर ली जायेगी। शुक्रवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नए सभा स्थल निर्धारित करने के लिये राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उम्मीदवारों से सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बाद नए सभा स्थल विधिवत चिन्हित कर दिए जायेंगे। साथ ही कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों को सभा की अनुमति देने में देरी नहीं की जायेगी। लेकिन निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सभा के लिये आवेदन करना होगा। बैठक में राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों ने विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं विधानसभा क्षेत्र 19-डबरा (अजा) में नए सभा स्थलों के नाम बताए । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आयोग से स्वीकृति मिलने के बाद इन स्थलों पर सभा की अनुमति प्रदान की जायेगी।



## धार्मिक ग्रंथों में लिखा है गावों विश्वस्य मातृ अर्थात गाय विश्व की माता है

गाय माता के संपूर्ण शरीर में तैतीस कोटी देवी-देवताओं का वास होने का उल्लेख भी शास्त्रों में मिलता है। और ऐसे भी मान्यता है कि गाय को चारा खिलाने पर बहुत पुण्य मिलता है यह पुण्य हवन या यज्ञ करने के समान होता है। तात्पर्य यह है कि एक गौ माता की पूजा अर्चना करने का अर्थ तैंतीस कोटि देवी देवताओं का पूजा अर्चना करना है।इसी परंपरा को निभाते हुए आज लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला पर उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट*के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा गाय पूजन किया गया प्रसाद स्वरूप चारा वितरित किया गया। इस अवसर पर *महाराज ऋषभ* *देवानंद जी* ने गौमाता से संबंधित बहुत सारी वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व से सबको अवगत कराया। इसमें मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष सीता पाणीग्राही हर्षिता गुर्जर बबीता गुप्ता प्रिया बावरा चंचल गुप्ता हैरी गुप्ता नेहा पारीक आदि उपस्थित रहे।

# बिकाऊलाल को जनता के विकास से कोई मतलब नहीं है :डॉ.सिकरवार

**ग्वालियर।** क्षेत्र में फैली अव्यवस्थाओं का समाधान करने कि बजाए जनता के जनमत को बेचनें और भश्ट्राचार करने में जुट गये हमारे बिकाऊलाल और उनका परिवार। बिकाऊलाल को जनता के विकास से कोई मतलब नही है, बिकाऊलाल को मतलब है तो सिर्फ अपने विकास से। लोकतंत्र के हत्यारों के माफ नही किया जा सकता है, जिसने अपने निजी फायदे के लिए जनता के विष्वास और मत को बेच दिया हो, वो क्षेत्र का विकास कैसे कर सकते है। क्षेत्र की जनता से कहा कि जिसने आपके साथ धोखा किया और जनमत को बेच दिया उससे बदला लेने का समय आ गया है यह षब्द 16 ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों में जनता को संबोधित करते हुये कही। आज सुबह डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सिंधिया स्टेच्यू षताब्दीपुरम पर एकत्रित हुये और वहां से वार्ड 18 एवं 19 के ग्लोरीविला, षताब्दीपुरम फेस-1, फेस-2, कुंज विहार, गंगा विहार, नाना नगर, बलराम नगर, यूनिपेच फैक्ट्री के आस-पास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर सघन् जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क एवं बैठकों के दौरान डॉ. सिकरवार पुश्पहार पहनाकर सम्मान किया गया।






## 94.3 माय एफएम द्वारा इसबार घर-घर घरबा ग्वालियर भी शामिल होगा वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए

**हेमंत आर्य रिपोर्टर**

ग्वालियर नवरात्रि में हर साल हम गरबा उत्सव में माँ शक्ति की आराधना करते हैं।लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए रंग कुछ फीका है, लेकिन भला हम कहाँ हार मानने वाले हैं तो चलिए इस बार आपके अपने 94.3 माय एफ एम(दैनिक भास्कर ग्रुप)के साथ गरबा की जगह घर पर सुरक्षित रहकर घरबा करते हैं,तो ये रही अन्य सभी जरुरी जानकारियां इस शानदार इवेंट के बारे में

1-यह गरबा इवेंट ऑनलाइन जूम पर किया जायेगा 24 अक्टूबर,शनिवार को शाम 4 बजे से 4.30 तक किया जायेगा।

2-इस इवेंट में हम सब मिलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले हैं और सभी को ई -सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा और 5 लकी विनर्स को 94.3 माय एफ एम(दैनिक भास्कर ग्रुप)के आर जे साथ ऑन-एयर जाने का मौका मिलेगा।

3-इस इवेंट में किसी भी उम्र के महिला -पुरुष और बच्चे भाग ले सकते हैं और किसी भी प्रकार का ड्रेस कोड अनिवार्य नहीं है।

4-आप रजिस्ट्रेशन करने के लिए अपना नाम,मोबाइल न.,उम्र 08770429601 पर जल्द व्हाट्सएप्प कर दें क्योकि स्थान सीमित है।जूम लिंक द्वारा आपको व्हाट्सएप्प की जाएगी एवं अधिक जानकारी के लिए आप 08770429601 पर कॉल कर सकते हैं।

# जीएसटी पोर्टल जब तक सही काम नहीं कर रहा है, तब तक व्यवसाईयों से इन्टरेस्ट अथवा पेनल्टी नहीं ली जाए एवं वार्षिक रिटर्न जीएसटीआर-9 एवं 9सी की तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च,2021 की जाए : एमपीसीसीआई

**ग्वालियर।** एमपीसीसीआई द्वारा आज केन्द्रीय वित्तमंत्री-माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र प्रेषित कर जीएसटी पोर्टल विगत् एक माह से ठीक से नहीं चलने के कारण देशभर के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों द्वारा जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाने की समस्या से अवगत कराते हुए, माँग की है कि जब तक जीएसटी पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है, तब तक जीएसटी रिटर्न पर किसी भी तरह का ब्याज अथवा अधिभार नहीं लिया जाए । साथ ही, वार्षिक रिटर्न जीएसटीआर-9 एवं 9सी की तारीख को बढ़ाकर 31 मार्च,2021 की जाए।

एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि जीएसटी पोर्टल एक महीने से अधिक समय से सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा है और पिछले सप्ताह पूरे दिन रखरखाव व तकनीकि खराबी के कारण पोर्टल ने काम ही नहीं किया, जिससे व्यवसाईयों को जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । पदाधिकारियों ने कहा है कि जीएसटी साइट के सुचारू रूप से काम नहीं करने के कारण व्यवसाई अपना रिटर्न दाखिल नहीं कर पा रहे है, जबकि समय पर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर अथवा देरी से दाखिल करने पर पेनल्टी तथा विभाग के नोटिस का जवाब नहीं देने पर दंडात्मक प्रावधान है । कोरोना महामारी के तहत लॉकडाउन के बाद व्यापारियों ने त्यौहारी सीजन की उम्मीद के साथ अपना व्यवसाय का संचालन सुचारू रूप से

## केन्द्रीय वित्तमंत्री, माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

प्रारम्भ कर दिया है, लेकिन व्यवसाईयों का अधिकांश समय जीएसटी पोर्टल पर न के बराबर प्रतिक्रिया देने के कारण चला जाता है । पदाधिकारियों ने कहा है कि जब सरकार द्वारा सभी प्रकार के रिटर्न ऑनलाइन कर दिए गए, तब सरकार का कर्तव्य बनता है कि पोर्टल बिना किसी रुकावट के ठीक प्रकार से कार्य करें, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए । पत्र में उल्लेख किया गया है कि जीएसटी परिषद की बैठक में माननीया केन्द्रीय वित्तमंत्री जी द्वारा जीएसटीआईएन और इन्फोसिस के साथ तकनीकी मुद्दे पर चर्चा की बात कही थी, परन्तु उसका प्रभाव जमीनी स्तर पर आज तक दिखाई नहीं दिया है । एमपीसीसीआई ने सभी व्यापारियों की ओर से, केन्द्रीय वित्तमंत्री-माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण से माँग की है कि जीएसटी पोर्टल के ठीक प्रकार से काम नहीं करने की समस्या को सर्वोच्च प्राथमिकता के स्तर पर ठीक किया जाए और जिस कम्पनी को इसकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस कंपनी के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्?चित की जाए क्योंकि संबंधित निजी कं. जीएसटी पोर्टल का रखरखाव एवं तकनीकि समस्याओं के समाधान में विफल रही है, जिसका खामियाजा देश के लाखों व्यवसाईयों को उठाना पड़ रहा है । पदाधिकारियों ने केन्द्रीय वित्तमंत्री-माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण से पुरजोर माँग की है कि वर्ष 2018-19 के लिए जीएसटी वार्षिक रिटर्न की अंतिम तिथि जो कि 31 अक्टूबर,2020 है, जबकि वर्तमान में व्यवसाईयों का ध्यान आगामी त्यौहारी सीजन पर है क्योंकि व्यवसाई कोरोना महामारी के लॉकडाउन पीरियड से बुरी तरह से आहत हुए हैं और व्यवसाईयों को अब केवल आगामी त्यौहारों से ही कुछ उम्मीद है । इसलिए यह अतिआवश्यक है कि व्यवसाईयों की कारोबारी संबंधी व्यस्तताओं एवं व्यवहारिक कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक रिटर्न जीएसटीआर-9 एवं 9सी की तारीख को बढ़ाकर 31 मार्च,2021 की जाए।

सभी प्रदेश एवं क्षेत्र वासियों को नवरात्रि एवं दशहरा की बहुत-बहुत

हार्दिक शुभकामनाएं



दर्शन शुक्ला

थाना प्रभारी

गोराघाट

## दिनारा में मप्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आमसभा

शिवपुरी जिले के करैरा विधानसभा के उपचुनाव को लेकर ग्राम दिनारा पिछोर तिराहा अशोक होटल पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने करेरा भाजपा प्रत्याशी जसवंत जाटव के समर्थन में आमसभा का आयोजन किया आपको बता दे कि मुख्यमंत्री जी की यह चौथी आमसभा है इससे पहले करैरा आमोलपठा एवं करई में आमसभा का आयोजन किया जा चुका है दिनारा आमसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनारा में डिग्री कालेज खोला जाएगा और जो योजनाएं कमलनाथ सरकार ने बन्द के दी थी वो भाजपा सरकार बनते ही पुनः चालू कर दी गई और जो बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा एवं मध्यप्रदेश में विकास किया जाएगा और भाजपा के पक्ष में वोट देने को कहा वही शिवराज सिंह जी ने कहा कि आपकी जो समस्याएं हो उन सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा इस सभा में उपस्थित करैरा विधानसभा से प्रत्याशी जसवंत जाटव एवं पूर्व करैरा विधायक शकुंतला खटीक इत्यादि लोग मौजूद रहे।

TOMAR ASSOCIATES

शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये

नवरात्री के अवसर पर विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध

ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।
500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट

नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।

नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी।

कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक

पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.
मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.

मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिर्राज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478